## न्यूज ब्रीफ

### कमालपुर गौशाला में भ्रष्टाचार के आरोप

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के कमालपुर खोदन में स्थित गौशाला में भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगा विश्व हिंदू परिषद गोरक्षा विभाग ने मुख्य विकास अधिकारी कानपुर नगर को संबोधित पत्र लिखकर बीडीओ को ज्ञापन सौपा। पत्र में लिखा गया कि गौशाला के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है और आवंटित धन का गबन किया गयाहै। अगस्त 2025 में गौशाला के लिए आवंटित धन का उपयोग नहीं किया गया और 276 गौवंश को गौशाला में रखने के लिए भुगतान किया गया, जबकि गौशाला में भूसा और चारा की कमी थी। परिषद ने मांग की है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

### किराना दुकान से नकदी समेत सामान पार

**चौबेपुर।** क्षेत्र के तमसहा गांव में गुरुवार रात कार सवार चोरों ने एक किराना दुकान का ताला तोड़कर गोलक में रखी नकदी व किराने का सामान पार कर दिया। सुबह घटना की जानकारी पर दुकान मालिक ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। तमसहा गांव निवासी गोरेलाल उर्फ अवधेश यादव की गांव में ही किराना व जनरल स्टोर की दुकान है। रोजाना की तरह गुरुवार रात वह दुकान बंद कर घर चला गया। देर रात मौका पाकर कार से आये चोरों ने दुकान का ताला तोड़ गोलक में रखी नकदी व किराने का कीमती सामान पार कर दिया। सुबह पड़ोसियों ने दुकान का ताला टूटा देख मामले की सूचना दुकान मालिक को दी। मौके पर पहुंची पुलिस को दुकान मालिक ने बताया कि चोर गोलक में रखे करीब 15000 रुपये व इतने ही कीमत का सामान उठा ले गये। पुलिस द्वारा की गई छानबीन के दौरान आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक कार सवार लोगों द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के बात सामने आई है। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि मामले की जानकारी पर पुलिस मौके पर गई थी और घटनास्थल की जांच पड़ताल की है। दुकान मालिक द्वारा दी गई तहरीर दी गई है। जल्द ही चोरों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# रसोई गैस की किल्लत के खिलाफ सपा का हल्लाबोल

संवाददाता बिल्हौर



रसोई गैस की किल्लत को लेकर प्रदर्शन करते सपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** पूरे भारत में रसोई गैस की किल्लत के खिलाफ समाजवादी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को सपा नेत्री रचना सिंह गौतम और विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी बिल्हौर के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा।

सपाइयों ने ज्ञापन के माध्यम से आरोप लगाया गया कि बिल्हौर, अरौल और आसपास के क्षेत्रों में गैस की भारी किल्लत है। लोग सुबह 4 बजे से गैस एजेंसियों के बाहर लाइन में लगने को मजबूर हैं, फिर भी उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सपाइयों ने कहा कि बाजार में सिलेंडर की कृत्रिम किल्लत पैदा कर कालाबाजारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसे रोकने में स्थानीय प्रशासन नाकाम है। सपा नेताओं ने गैस संकट को मानवीय आपातकाल करार देते हुए सरकार पर प्रशासनिक विफलता का आरोप लगाया। इसके साथ ही बिल्हौर तहसील क्षेत्र में आलू के लगातार गिरती कीमतों पर भी सपा ने जोरदार प्रदर्शन किया और हाथ में तख्ती लेकर सड़कों पर सरकार के खिलाफ नारे लगाये। आपातकालीन आधार पर गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाये।

सपाइयों ने कहा कि लोग अपनी ऑनलाइन बुकिंग नहीं कर पा रहे हैं कंपनियों के सर्वर धड़ाम हो गए हैं जिसके चलते लोग और भी ज्यादा परेशान नजर आ रहे हैं। इस दौरान रचना सिंह गौतम, शशिकांत पाल, अंशुमान सिंह यादव, इं. विनय कुमार यादव, ज्ञान चंद्र कटियार, नाहर सिंह, मिथलेश कुमार, रामशरण गौतम, मुन्ना लाल कुशवाहा, आशीष कुमार सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

### घाटमपुर की एजेंसियों में तुरंत मिल रहा सिलेंडर

■ **घाटमपुर।** घाटमपुर में गैस एजेंसियों में सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। यहां पर लोग एक दिन पहले बुकिंग कर रहे है। दूसरे दिन एजेंसी में पहुंचकर सिलेंडर ले रहे है। अमेरिका इजराइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर गैस की और ऑयल की किल्लत की अफवाहों के चलते लोग परेशान हो रहे है। शुक्रवार दोपहर घाटमपुर नगर के भदरस रोड पर स्थित इंडेन गैस एजेंसी में घाटमपुर निवासी शिव कुमार से मुलाकात हुई। उन्होंने हमें बताया कि रात लगभग दस बजे उन्होंने बुकिंग नंबर के द्वारा अपना सिलेंडर बुक किया था, इसके बाद शुक्रवार को एजेंसी पहुंचकर सिलेंडर ले लिया है। यहीं पर मिले कोरिया गांव निवासी कृष्ण बिहारी ने बताया कि अफवाह के चलते लोग परेशान हो रहे है। एजेंसी में सिलेंडर बुकिंग करने के बाद तुरंत मिल रहा है। हालांकि बुकिंग का सर्वर डाउन होने के चलते लोगों की डीएफसी नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि सिलेंडर बुक करने के बाद एजेंसी पहुंचकर उन्हें तुरंत सिलेंडर मिल गया। वहीं घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने बताया कि उन्होंने कई गैस एजेंसियों पर पहुंचकर निरीक्षण किया है। उन्हें एजेंसियों में सिलेंडर स्टॉक सही मात्रा में मिले। लोगो को एजेंसियों से सिलेंडर डीएफसी होने के बाद दिए जा रहे है। उन्होंने अफवाहों पर ध्यान ने देने की अपील की है।

# कृषि कुंभ में भाग लेने को पंत नगर रवाना हुई किसानों की टोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात


झंडी दिखाकर बस को रवाना करते अतिथि।

**अमृत विचार ।** पंतनगर में होने वाले कृषि कुंभ अखिल भारतीय किसान मेले में भाग लेने को 50 किसानों की टोली शुक्रवार को रवाना हुई। उप कृषि निदेशक हरीशंकर भार्गव ने हरी झंडी दिखाकर किसानों को रवाना किया ।

कृषि कुंभ के नाम से विख्यात अखिल भारतीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का आयोजन गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर में 13 से 16 मार्च तक आयोजन किया जा रहा हैं। इसमें जनपद के किसानों को आत्मा योजनान्तर्गत राज्य के बाहर कृषक अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम मे जनपद के समस्त विकास खंडों से किसानों को अध्ययन भ्रमण के लिए भेजा गया। कृषि एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ज्ञानवर्धन एवं अनुभव साझा करने हेतु कानपुर देहात के प्रतिनिधिमंडल द्वारा पंतनगर (उत्तराखंड) का अध्ययन और भ्रमण किया जाएगा। बताया गया कि इस एक्सपोजर विजिट का उद्देश्य आधुनिक कृषि तकनीकों, अनुसंधान कार्यों तथा नवाचारों का प्रत्यक्ष अवलोकन करना है।

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर का भ्रमण किया तथा वहां के विशेषज्ञों से संवाद स्थापित किया।

## पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से पतारा सीएचसी पहुंचाया, बड़ा हादसा बचा

# अनियंत्रित कार बंबा में गिरी, 4 घायल

संवाददाता, घाटमपुर


बंबे में पलटी पड़ी कार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर रजबहे में जा गिरी। हादसे में चालक समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर किया गया है।

शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे जिठौली रोड पर भदरस रजबहा के गौरनपुर पुल के पास जिठौली की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार सामने से आ रहे वाहन को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित हो गई। कार पुलिया की रेलिंग से टकराते हुए सीधे रजबहे में जा गिरी। हादसे में कार सवार सुषमा देवी (32) पत्नी मोहित निवासी मीरानपुर, रानी देवी (55) पत्नी इन्द्रजाल निवासी कंठीपुर, श्रुति (30) पत्नी विपिन कुमार निवासी गड़रियनपुर और कार चालक दीपक (29) पुत्र सुनील कुमार पाल निवासी स्योंढ़ारी थाना घाटमपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को पतारा सीएचसी में भर्ती कराया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हैलेट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया।

वहीं लोगों का कहना है कि बंबे में पानी कम है वरना बड़ा हादसा हो सकता था। थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त कार को रजबहे से निकलवाकर पुलिस चौकी में खड़ा कराया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### दुर्घटना में तीन घायल

■ **चौबेपुर।** क्षेत्र के भगवंतपुर मार्ग पर गुरुवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। भगवंतपुर गांव निवासी राज गौतम अपने भाई लव और पड़ोसी अर्जुन के साथ गुरुवार रात बाइक से चौबेपुर जा रहा था। तभी गौरी लक्खा गांव स्थित राइस मिल से थोड़ा पहले पीछे से आ रहे किसी वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां चोटें अधिक होने के कारण सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर कर दिया गया। घायलों में राज की हालत गंभीर है।


पीड़ित किसान से बातचीत करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# चौबेपुर में बाइक सवार लुटेरों ने किसान से छीनी सोने की चेन

**शिवराजपुर।** शिवली की तरफ जा रहे साइकिल सवार किसान से रास्ता पूछने के बहाने बाइक सवार लुटेरे उसे रोक कर बातचीत करने लगे। इसी दौरान उसके गले में पड़ी सोने की चेन तोड़कर भाग खड़े हुए । चौबेपुर थाना क्षेत्र के बिलखरी गांव निवासी श्रीपाल ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि शुक्रवार सुबह समय 9 बजे के करीब वह साइकिल द्वारा शिवराजपुर से शिवली की तरफ जा रहे थे वह कस्बा के आगे बंबा पर पहुंचे थे। तभी वह साइकिल खड़ी करके लघुशंका करने लगे तभी पीछे से आए दो बाइक सवारों ने उनसे रास्ता पूछा और गले में पहनी चेन लूट कर भाग खड़े हुए।

### दुकान तोड़ कर दो लाख का माल चोरी

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला सफदरगंज निवासी फरहान वारसी पुत्र नसीर अहमद की सुल्तानपीर रोड पर बेल्डिंग की दुकान है। 12 मार्च की रात चोरों ने दुकान तोड़ कर 1.5 क्विंटल लोहा चोरी कर लिया। दुकान से करीब दो लाख रुपये का सामान पार कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**अदालती सूचना**

न्यायालय–उपजिलाधिकारी,
तहसील,मैथा,कानपुर देहात
वाद संख्या–टी– 202603400700043 सन 2026
अंतर्गत–धारा 116–उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006
ग्राम–टिकरी,तहसील मैथा,कानपुर देहात
दिनेश चंद्र दीक्षित बनाम गगन आदि

वास्ते– 1–गगन पुत्र स्वर्गीय बीरभान, 2–राहुल पुत्र स्वर्गीय बीरभान, 3–सूर्यभान पुत्र श्रीपाल,उपरोक्त सभी निवासी ग्राम सरैयां, मजरा लालपुर शिवराजपुर तहसील मैथा,कानपुर देहात,4–ग्राम सभा, टिकरी, तहसील मैथा,जनपद कानपुर देहात आपको सभी को आदेशित किया जाता है। कि दिनांक 20–03–2026 को मेरी अदालत में उपस्थित होकर उपरोक्त वाद में अपना पक्ष प्रस्तुत करे। अनुपस्थित रहने पर आदेश आप के विरुद्ध भी जा सकता है।

उपजिलाधिकारी,तहसील,
मैथा,कानपुर देहात


# वार्षिक उत्सव 'अलंकृत' में बच्चों ने बिखेरी प्रतिभा

संवाददाता, बिल्हौर



मेधावी बच्चों के साथ मौजूद अतिथि।

**अमृत विचार ।** चौबिगही स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार अलंकरण समारोह 'अलंकृत' का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, से लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईएएस अनुराग पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बिल्हौर रवि सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चों के हुनर की सराहना करते हुए कहा कि किताबी ज्ञान के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समारोह के दौरान मेधावी विद्यार्थियों और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रधानाध्यापिका मुक्ति त्रिवेदी की सराहनीय पहल रही। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करने के लिए अपनी ओर से एक मेधावी छात्र को साइकिल भेंट की।

प्रधानाध्यापिका मुक्ति त्रिवेदी ने मुख्य अतिथि अनुराग पटेल और खंड शिक्षा अधिकारी रवि सिंह को विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया। समारोह में मुख्य रूप से अवनीश कटियार, प्रीति कटियार, आशा कटियार, उषा पाल, रेखा, नाजिया, सीमा, निरुपमा पाण्डेय रहीं।

# कर्तव्य, सम्मान व समर्पण की सीख देती है श्रीराम कथा

संवाददाता, चौबेपुर

- आचार्य के सात वर्षीय बेटे अनिरुद्ध ने सुनाया शबरी प्रसंग

**अमृत विचार।** राम कथा हमें कर्तव्य, सम्मान, साहस, आशा, निष्ठा और समर्पण के साथ बुराई पर अच्छाई की विजय की सीख देती है। ऐसे धार्मिक महाकाव्य के नैतिक मूल्यों को पाठ्यक्रम में भी शामिल करना चाहिए। बाल्यावस्था में शिक्षा के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के धार्मिक ग्रंथ का ज्ञान आवश्यक है।उक्त प्रवचन शुक्रवार को क्षेत्र के देवपालपुर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन कथा व्यास दिनेश मिश्रा ने श्रद्धालुओं को सुनाए। इस दौरान आचार्य के सात वर्षीय बेटे ने शबरी प्रसंग का रोचक वर्णन कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

क्षेत्र के देवपालपुर गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास दिनेश मिश्रा ने बताया कि रामायण जैसे महाकाव्य के नैतिक मूल्यों को पाठ्यक्रम में शामिल करके बच्चों में अच्छे मूल्यों का विकास किया जा सकता है। रामकथा हमें सिखाती है कि यह केवल वीरों और राक्षसों की कहानी नहीं, बल्कि मार्गदर्शक है। जो बच्चों को सही राह दिखाने के साथ उनमें सम्मान, वीरता और करुणा जैसे सद्गुणों का संचार करती है। इस दौरान आचार्य के सात वर्षीय बेटे कक्षा 2 के छात्र अनिरुद्ध मिश्रा ने व्यास पीठ पर बैठकर शबरी प्रसंग का रोचक वर्णन सुनाया। छात्र के मुख से कथा सुनने के लिए विद्यालय के चेयरमैन डॉ. पुरुषोत्तम बाजपेई, राजेश बाजपेई समेत बड़ी संख्या में शिक्षक कार्यक्रम में पहुंचे। बाल मुख से राम कथा का वर्णन सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। सेवानिवृत शिक्षक रामविलास द्विवेदी, हरिविलास व शिवविलास द्विवेदी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**माह–ए–रमजान** आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया

# शांतिपूर्ण हुई जुमे की नमाज

संवाददाता, घाटमपुर

- सुबह से ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से रहा मुस्तैद
- पूरे क्षेत्र में कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली

**अमृत विचार।** शुक्रवार को तहसील क्षेत्र में जुमा अलविदा की नमाज शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। इस दौरान कहीं भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

घाटमपुर, पतारा में जुमे की नमाज अदा की गई। इसका एक उदाहरण पतारा चौकी क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में भी देखने को मिला। यहां प्रशासन की कड़ी निगरानी में जुमे की नमाज अदा की गई। इस दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रही। पतारा चौकी प्रभारी ललित शर्मा, एसआई हंसराम और एसआई नरेंद्र प्रताप सिंह ने इस दौरान विशेष सतर्कता बरती। उनकी सक्रियता ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया।


मस्जिद के बाहर खड़े मुस्लिम समाज के लोग और पुलिस कर्मी। अमृत विचार


www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


# कच्चे घर में आग से बेटी की शादी का सामान जला

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के हरचंदन तालाब के पास स्थित वार्ड संख्या सात में बृहस्पतिवार की रात अज्ञात कारणों से एक कच्चे मकान में आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जलकर खाक हो गया। पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत कर किसी तरह आग पर काबू पाया।

वार्ड निवासी प्रेमचंद पुत्र महादेव साहू ने बताया कि वह दिनभर मजदूरी करने के बाद रात में घर आकर सो गया था। देर रात करीब 12:30 बजे अचानक घर में आग भड़क उठी। शोर सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि पुत्री कीर्ति की शादी इसी साल करना है। शादी के लिए खरीदा गया दहेज व अन्य सामान भी आग में जल गया। जिससे करीब दो लाख के नुकसान की संभावना है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है।




अमृत विचार
कानपुर, शनिवार, 14 मार्च 2026
कानपुर देहात

न्यूज ब्रीफ

## होटलों में छापेमारी से मचा हड़कंप

**शिवली।** गैस संकट के बीच शुक्रवार को उपजिलाधिकारी मैथा राजकुमार पांडेय व पूर्ति निरीक्षक सत्येंद्र यादव ने गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। इसके बाद शिवली बस अड्डे पर होटल में घरेलू गैस सिलेंडर चेकिंग अभियान चलाया। चेकिंग अभियान चलने पर हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने होटल संचालकों को बताया कि घरेलू सिलेंडर की जगह व्यवसायिक सिलेंडर का उपयोग करे। इसके बाद अधिकारियों ने गैस एजेंसी का निरीक्षण किया। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सिंह लॉन में होली मिलन समारोह आज

**कानपुर देहात।** हर साल की तरह इस बार भी अकबरपुर के सिंह लॉन में होली मिलन समारोह का आयोजन होगा। शनिवार को हो रहे समारोह की सारी तैयारियां पूरी हो गई हैं। कार्यक्रम में फाग और अचरी के अलावा जादू का प्रस्तुतिकरण भी होगा। कार्यक्रम की आयोजक नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली सिंह ने बताया कि भाजपा सांसद देवेंद्र सिंह भोले समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व विधायक विनोद कटियार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला व राजेश तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि भाजयुमो के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह गुड्डन समारोह का संचालन करेंगे।

## खातों में ट्रांसफर की गई पीएम किसान निधि की 22वीं किश्त

**कानपुर देहात।** शुक्रवार को पीएम किसान निधि की 22वीं किश्त का हस्तांतरण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा असम के गुवाहाटी से इसे पात्र किसानों के खातों में हस्तांतरित किया गया। यहां इसका सजीव प्रसारण दिखाया गया। जनपद के सभी विकास खंडों तथा ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम सचिवालयों में लाइव टेलीकास्ट हुआ। जनपद स्तरीय सजीव प्रसारण का कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित कराया गया। इसमें ब्लाक प्रमुख राजेश शुक्ला रहे। आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग की मुखिया उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव के साथ में डेढ़ सौ किसानों ने कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा। कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष अजय सिंह, डॉ खलील खान डॉक्टर शशिकांत एवं डॉक्टर राजेश राय आदि मौजूद रहे।

## जिला जजी में राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**कानपुर देहात।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जनपद न्यायाधीश रविंद्र कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन तथा अधिक से अधिक वादों के निस्तारण के उद्देश्य से जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कचहरी परिसर से प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जनपद की सभी तहसील क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में जानकारी प्रदान करेगा।

# सिर्फ वाहनों में भरा जाए ईंधन, बोतल या कंटेनर में न दें पेट्रोल व डीजल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



**अमृत विचारः** ईरान-अमेरिका युद्ध के चलते जनपद में पेट्रोलियम पदार्थों और घरेलू गैस को लेकर असंतोष की स्थिति है। प्रशासन इस तरफ संजीदा हुआ है। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पेट्रोल एवं डीजल की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जनपद के समस्त पेट्रोल पंप संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। कहा गया कि पंपों से सिर्फ वाहनों में पेट्रोल दिया जाए। किसी कंटेनर या अन्य पात्र में कतई ईंधन न दें।

जारी आदेश के अनुसार सभी पेट्रोल पंप संचालकों को अपने-अपने पेट्रोल पंप पर न्यूनतम 2000 लीटर डीजल एवं 1000 लीटर पेट्रोल का आरक्षित भंडारण बनाए रखना अनिवार्य होगा ताकि किसी भी स्थिति में आमजन को ईंधन की उपलब्धता में बाधा न उत्पन्न हो। इसके साथ ही निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी स्थिति में किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उनके वाहन के अतिरिक्त किसी अन्य पात्र या डिब्बे में ईंधन की आपूर्ति नहीं की जाएगी।

साथ ही किसी भी व्यक्ति को सामान्य आवश्यकता से अधिक ईंधन उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, जिससे अनावश्यक रूप से ईंधन का भंडारण या जमाखोरी न हो सके। जिला पूर्ति अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी पेट्रोल पंप संचालक द्वारा इन निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है अथवा किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधित पेट्रोल पंप और संचालक के विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# गैस सिलेंडर मिलने में दिक्कत आए तो फोन करें

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- जिला पूर्ति कार्यालय ने जारी किया नंबर 7839564647



**अमृत विचारः** घरेलू गैस सिलेंडरों एवं ईंधन की उपलब्धता से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिला पूर्ति कार्यालय, माती में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां हेल्पलाइन सेवा शुरू की गई है। हेल्प लाइन नंबर 7839564647 पर कॉल कर उपभोक्ता सिलेंडर से संबन्धित अपनी समस्या बता सकते हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों जैसे पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। माती के जिला पूर्ति कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम का हेल्पलाइन नंबर 7839564647 निर्धारित किया गया है। इस नंबर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।

कंट्रोल रूम के संचालन हेतु पूर्ति कार्यालय के कर्मचारियों की ड्यूटी तीन पालियों में लगाई गई है। प्रथम पाली में अलका श्रीवास्तव (पूर्ति लिपिक) प्रातः 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक, द्वितीय पाली में मीनाक्षी यादव (पूर्ति लिपिक) अपराह्न दो बजे से सायं छह बजे तक और तृतीय पाली में विशाल कुमार (पूर्ति लिपिक) सायं छह बजे से प्रातः 10 बजे तक कंट्रोल रूम में कार्य करेंगे। नामित कार्मिक कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर प्राप्त शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करते हुए नियमानुसार उनका निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

### सह नोडल कार्मिकों के नंबर भी जारी

एलपीजी सिलेंडरों की वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने को सह नोडल कार्मिक भी लगाए गए हैं। इन्हें सूचना दी जा सकती है। बताया गया कि नोडल के रूप में अकबरपुर में गौरव राजपूत मोबाइल नंबर 6307020565, सत्येंद्र यादव तहसील मैथा मोबाइल नंबर 9140245436, अशोक कुमार तहसील सिकंदरा मोबाइल नंबर 8299821460, राजेश श्रीवास्तव तहसील डेरापुर मोबाइल नंबर 9450263607, विकास कनौजिया तहसील रसूलाबाद मोबाइल नंबर 9918219372 और विनीत राजपूत तहसील भोगनीपुर मोबाइल नंबर 8439002063 पर शिकायतें और समस्याएं सुनेंगे।

# खोजबीन में लापरवाही का आरोप लगा किया हंगामा, जाम

## रामगंगा नहर में डूबा था ससुराल आया दिनकरपुर निवासी युवक, 24घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग तो आक्रोशित हुए लोग

संवाददाता, रसूलाबाद







रसूलाबाद-बिल्हौर रोड पर जाम लगाए बैठीं महिलाएं। जाम के कारण नहर पुल पर खड़े वाहन। आक्रोशित लोगों को समझाते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के लाला भगत स्थित रामगंगा नहर में जवारे विसर्जन के दौरान गुरुवार को एक युवक के डूब जाने और घटना के 24 घंटे बाद भी युवक का पता न चलने पर परिजनों और ग्रामीणों ने बिल्हौर-रसूलाबाद मुख्य मार्ग पर शाहबाजपुर नहर पुल के पास जाम लगा दिया। पुलिस और तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर नाराज परिजनों को समझाकर जाम खुलवाया। ससुरालीजन अब गांव के ही दो युवकों को पर नहर में डूबे युवक को मेला दिखाने के बहाने अपने साथ ले जाने का आरोप लगा रहे हैं।

दिनकरपुर थाना शिवराजपुर निवासी सतीश पाल (30वर्ष) पुत्र किशनलाल बुधवार को अपनी पत्नी रुचि और चार वर्षीय बेटे आर्यन के साथ असालतगंज क्षेत्र के पदवापुर गड़रियन पुरवा मजरा हीकेपुर स्थित अपनी ससुराल आए थे। परिजनों ने बताया कि गुरुवार सुबह करीब 11 बजे गांव के ही धर्मपाल पुत्र अमर सिंह और रामप्यारे पुत्र बाबूलाल कमल, सतीश को लाला भगत में लगे मेले को दिखाने के बहाने अपने साथ ले गए थे। परिजनों का आरोप है कि उनके मना करने के बावजूद दोनों युवक सतीश को अपने साथ ले गए। बाद में जवारे विसर्जन के दौरान सतीश रामगंगा नहर में डूब गया। जब सतीश देर तक घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और लाला भगत पुल पहुंचे। मौजूद लोगों ने बताया कि दो अन्य युवकों के साथ आया व्यक्ति नहर में डूब गया और वे दोनों युवक वहां से चले गए। शुक्रवार को घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी युवक का कोई सुराग न मिलने पर परिजन और ग्रामीण शहबाजपुर नहर पुल पर सड़क जाम कर प्रदर्शन करने लगे। इस जाम के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने पर रसूलाबाद कोतवाल एसएन सिंह, तहसीलदार संतोष कुमार सिंह पुलिस व राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझाया तब दो घंटे बाद जाम खुला।

### अचानक नहर में कूदे अधेड़ को एसडीआरएफ ने बचाया



नहर से निकाला गया सर्वेश कुमार।

**रसूलाबाद :** गुरुवार को लाला भगत के निकट निचली रामगंगा नहर में डूबे युवक की तलाश में लगी एसडीआरएफ टीम ने उस समय एक युवक की जान बचा ली जब वह नहर पुल के पास खड़ा था और अचानक नहर में कूद गया जिससे वह डूबने लगा। एसडीआरएफ टीम में त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पानी से बाहर निकाल लिया जिससे उसकी जान बच गई। अपनी ससुराल गड़रियन पुरवा मजरा हीकेपुर में जवारे कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपनी पत्नी एवं बच्चों के साथ दिनकर पुर थाना शिवराजपुर निवासी सतीश पाल पुत्र किशन लाल आया था। गुरुवार को वह ससुराली जनों और अपनी पत्नी अलका वह पुत्र आर्यन के साथ जवारे चढ़ाने लाला भगत स्थित कौमारी देवी मंदिर गया था। लौटते समय वह नहर में डूब गया। इसकी सूचना पाकर तहसील एवं पुलिस प्रशासन ने जगह-जगह जाल डलवाया और ग्रामीण गोताखोरों की मदद से उसकी तलाश की किंतु वह नहीं मिला। तब एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया। रात होने के कारण एसडीआरएफ की टीम सुबह उसकी तलाश कर रही थी। ग्राम प्रधान प्रदीप बाथम ने बताया कि इसी दौरान गड़रियन पुरवा मजरा लाला भगत निवासी मंदबुद्धि सर्वेश कुमार 50 वर्ष पुत्र मोतीलाल नहर पुल पर खड़ा था। अचानक नहर में कूद गया। पानी के तेज बहाव के चलते वह उसमें डूबने लगा। उसे डूबते देखकर एसडीआरएफ टीम ने उसे तत्काल बचा लिया। इससे उसकी जान बच गई और एक बड़ा हादसा टल गया।

## तेज रफ्तार बोलेरो ने मासूम को मारी टक्कर

**रसूलाबादः** रसूलाबाद से कानपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने घर के बाहर खेल रहे मासूम को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे उसकी गंभीर दशा के चलते उसे अकबरपुर में एक प्राइवेट अस्पताल ले गए। वहां से उसे हैलट कानपुर ले गए है।

कहिंजरी निवासी आयुष सिंह सात वर्ष पुत्र राहुल तोमर अपने घर के बाहर खेल रहा था इसी दौरान रसूलाबाद की ओर से शिवली कानपुर की ओर जा रही तेज रफ्तार बोलेरो ने पीछे से उसके जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा। परिजन उसे आनन फानन में उसे अकबरपुर प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हैलट ले जाया गया है। कहिंजरी चौकी प्रभारी प्रवीण कृष्ण मिश्रा से बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है। टक्कर मारने वाली बोलेरो की जानकारी हो गई है। जांच कर विधिक की जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# दुष्कर्म के आरोपी को 10 साल के कठोर कारावास की सजा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**15** हजार रुपये का जुर्माना भी लगा



**अमृत विचारः** रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में करीब तीन साल पहले महिला के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में अदालत ने फैसला सुना दिया है। शुक्रवार को एडीजे 15/ पाक्सो की कोर्ट ने आरोपी को दोष सिद्ध करार दिया और दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 15 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर दुष्कर्मी को दस माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

घटना के संबन्ध में आठ मई 2023 को रसूलाबाद कोतवाली में मुकदमा कायम कराया गया था। मुकदमे की वादिनी का आरोप था कि हंसपुर मित्रसेनपुर थाना रसूलाबाद के रहने वाले शैलेंद्र कुमार उर्फ शीलू पुत्र उजियारे उसके घर घुसा। इसके बाद उसे अकेला पाकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के संबन्ध में पुलिस ने शैलेंद्र के खिलाफ धारा 452,376, 506 आईपीसी में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की। विवेचना करते हुए घटना से जुड़े तथ्यों के आधार पर साक्ष्य संकलन कर विवेचना निस्तारित की गई। इसके बाद मुकदमे में नामित आरोपी शैलेंद्र कुमार उर्फ शीलू 19 जून 2023 को चार्जशीट फाइल कर दी गई। न्यायालय में पेश किए गए साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर शैलेंद्र कुमार उर्फ शीलू को दोषी माना। इसके बाद उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा सुना दी।

# एपीके फाइल भेज लगाई 10 लाख की चपत, वापस मिले 6.60 लाख

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 3 माह पहले आरोपी ने पुखरायां निवासी का फोन किया था हैक



पीड़ित को पैसा वापसी का प्रमाण पत्र देती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचारः** साइबर क्रिमिनल द्वारा मोबाइल पर भेजी जाने वाली एपीके फाइल आपको तगड़ा नुकसान पहुंचा सकती है। इस तरह की फाइल न खोलें और न ही डाउन लोड करें। भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र में असावधानी वश एक व्यक्ति ने एपीके फाइल को खोला तो करीब दस लाख रूपए की चपत लग गई। अच्छा यह रहा कि पीड़ित ने अपने नुकसान के बारे में समय रहते साइबर पुलिस को जानकारी दे दी। साइबर हेल्प डेस्क ने कार्रवाई करते हुए करीब छह लाख 60 हजार रूपए की रकम पीड़ित को वापस करा दी है। बाकी धनराशि वापस कराने की प्रक्रिया चल रही है।

पुखरायां के मालवीय नगर मोहल्ले के मकान नंबर 143/बी के रहने वाले विनोद कुमार पुत्र सोनेलाल के साथ साइबर फ्रॉड हुआ। अज्ञात साइबर ठग ने उन्हें एपीके फाइल भेजी। इसके बाद उनके मोबाइल को हैक कर लिया। विनोद कुछ समय पाते, इसके पहले ही साइबर ठगों ने 19 दिसंबर 2025 को उनके खाते से आरटीजीएस के माध्यम से 9,14,000 ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद हैक्ड मोबाइल से यूपीआई के माध्यम से 80 हजार रूपए और निकाल लिए। पीड़ित ने इस संबन्ध में 21.12.2025 को साइबर हेल्प डेस्क थाना भोगनीपुर पर शिकायत दर्ज कराई थी। थाना भोगनीपुर धारा 318(4) बीएनएस व 66डी आईटी एक्ट में मुकदमा कायम किया गया।

भोगनीपुर पुलिस की साइबर हेल्प डेस्क ने मामले की तहकीकात की। इसके बाद नंबर ट्रेस कर ट्रांजैक्शन की जानकारी जुटाई, फिर कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बैंक खाते में धनराशि 6,59,999 की रकम वापस कराई। पुलिस ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद आरटीजीएस से ट्रांसफर हुई राशि में में से छह लाख 59 हजार रूपए होल्ड करा दी गई थी। आवश्यक कार्रवाई और प्रक्रिया के बाद यह रकम खाते में वापस कराई गई। पुलिस ने बताया कि शेष धनराशि की बरामदगी हेतु अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस की कार्रवाई के बाद पीड़ित ने थाना भोगनीपुर पुलिस का धन्यवाद दिया। पुलिस ने बताया कि खाते से धोखाधड़ी कर पैसा निकलने की दशा में तुरंत 1930 पर कॉल करें।

# डिवाइडर पर चढ़ कर हाईवे पर पलटा बेकाबू ट्राला

संवाददाता, रनियां



हाईवे पर पलटा पड़ा ट्राला और बिखरे तार के बंडल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** कोलकाता से औरंगाबाद महाराष्ट्र लोहे के तार के बंडल लोडकर जा रहा एक ट्राला ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ हाईवे पर पलट गया। घटना में चालक व खलासी घायल हो गए। बताया जाता है कि चालक नशे में था और इसके चलते घटना हुई है। घटना के बाद हाईवे पर तार के बंडल सड़क पर जाम लग गया।

ट्राला ट्रक चालक प्रताप पुत्र जोधा निवासी झारखंड साथ में खलासी पुष्पेंद्र पुत्र राजेंद्र निवासी गजनेर को साथ लेकर कोलकाता से औरंगाबाद महाराष्ट्र लोहे के तार के बंडल लोडकर जा रहा था।

शुक्रवार की देर शाम रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर के पास नेशनल हाईवे पर ट्रक डिवाइडर पर चढ़ कर अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। रफ्तार ज्यादा होने से ट्रक करीब दस फुट तक उछल गया। घटना के बाद कानपुर-इटावा लेन बाधित हो गया और जाम लग गया। जानकारी पर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम घटनास्थल पर पहुंचे तथा सर्विस रोड से यातायात शुरू कराया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है, ट्रक और तार के बंडल किनारे करा कर हाईवे पर यातायात सुचारू करा दिया गया है।

रोजा

आजाद नगर के इमाम चौक पर अंजुमन आशिके मुस्तफा कमेटी ने की इफ्तार पार्टी

# रमजान के महीने में जरूरतमंदों की दिल खोलकर करें मदद

संवाददाता, रसूलाबाद



रोज इफ्तार पार्टी में मौजूद लोग। अमृत विचार

**अमृत विचारः** गरीबों, यतीमों और जरूरतमंदों की इस माह में दिल खोलकर मदद करें। पड़ोसी आपका किसी भी धर्म,जाति का हो उसके काम आएं। यदि वह भूखा है तो उसे खाना खिलाए। यदि उसके पास कपड़े नहीं है तो उसे नए कपड़े दिलाएं। इस्लाम धर्म अमन व शांति का पैगाम देता है।

यह बात आजाद नगर के इमाम चौक पर अंजुमन आशिके मुस्तफा कमेटी द्वारा आयोजित रोजा इफ्तार से पहले मौलाना नायाब खान अजहरी ने आजाद नगर में कही। उन्होंने कहा कि जो इंसान रोजा रखता है अल्लाह उसको इफ्तार के वक्त दो खुशियां देता है एक तो इफ्तार की खुशी और दूसरी अल्लाह के दीदार की खुशी। रोजा इफ्तार करना भी नेक काम होता है। जहां एक ओर रोजा इफ्तार करने वाले को सवाब मिलता है तो वहीं उतना ही सवाब रोजा इफ्तार कराने वाले को भी मिलता है। इस रोजा इफ्तार में बड़ी तादाद में पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रोजा इफ्तार किया और मगरिब की नमाज अदा की। इस मौके पर प्रमुख रूप से हाजी महताब खान, हाफिज शाहिद चिश्ती,अकरम, मुंसाद,साजिद खान, अतहर खान भुट्टो, वसीम अहमद,मुबीन सिद्दीकी राजा, फरहान खान, जीशान कुरैशी, आजाद अली, मारूफ खान, हाजी इश्तियाक खान, सभासद फरहान मिनी, सुहैल अहमद, शरीफ राईन, अनीस रिटेलर, अफलाक अहमद, अकरम वारसी, मुबीन राईन, शाहरुख मंसूरी, शानू राईन, आसिफ, लकी, सारिक खान, साबिर, यामीन सिद्दीकी, नफीस खान, जुनैद राईन, मोहसिन मंसूरी लोग आदि रहे।

### शिवली की दोनों मस्जिदों में अदा की गई नमाज

**शिवली :** कस्बा शिवली स्थित दोनों मस्जिदों में रमजान माह के शुक्रवार को मुस्लिम भाइयों ने नमाज अदा कर देश में अमन चेन बरकरार रहने की दुआ मांगी। इस दौरान मैथा उपजिलाधिकारी एवं शिवली कोतवाल भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने नमाजियों को मुबारकबाद भी दी। नगर पंचायत शिवली स्थित जामा मस्जिद एवं सुभाषनगर स्थित नूरी मदीना मोहम्मदी मस्जिद में शुक्रवार को जामा मस्जिद में हाफिज नाहिद रजा द्वारा एवं सुभाष नगर स्थित साही नूरी मदीना मस्जिद में पेश इमाम मौलाना अब्दुल वाजिद द्वारा नमाज अदा करवाई गई। शिवली कस्बे के साथ-साथ बाघपुर, मैथा, मरहमताबाद में भी अलविदा की नमाज अदा की गई। नमाजियों ने नमाज अदा करने के बाद देश में अमन चौन एवं आपसी भाईचारा बरकरार रखने की दुआ मांगी। नमाज के दौरान उप जिलाधिकारी मैथा राजकुमार पांडेय तहसीलदार सुनील कुमार एवं शिवली कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह कस्बा प्रभारी आनंद कुमार पांडेय मैथा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह बाघपुर चौकी प्रभारी योगेश शर्मा उपनिरीक्षक शिवेंद्र वर्मा पुलिस बल के साथ मस्जिदों का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा नमाजियों को मुबारकबाद भी दी।




कार्यक्रम के दौरान अतिथि का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# मन मुटाव भुला, एकजुट होने का संदेश देते त्योहार

**कानपुर देहातः** शहर में पहलीबार गठित अकबरपुर सर्राफा व्यापार एसो. ने शुक्रवार की शाम होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने कहा होली मन मुटाव भुला, एकजुट होने का संदेश देने वाला पर्व है। अकबरपुर के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह गुड्डन, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राम जी मिश्रा, संघ के जिला प्रचारक सुनील कुमार भी कार्यक्रम रहे। इस दौरान पहुंचे अतिथियों का एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल ओमर, महामंत्री मुकेश कुमार कौशल, संरक्षक महेश प्रसाद ओमर, कोषाध्यक्ष रूपेश ओमर और प्रकाश गुप्ता ने गुलाल और टीका लगा स्वागत किया। कार्यक्रम में अंजनी अवस्थी, सुशील कुमार कौशल, महेश कौशल, शिव कुमार कौशल, बृजेश कौशल, अमित कौशल आदि रहे।

## दहेज के लिए विवाहिता को किया बेघर, चार के खिलाफ रिपोर्ट

**शिवलीः** दहेज प्रताड़ना से पीड़ित महिला एसपी से शिकायत की। एसपी के आदेश पर शिवली पुलिस ने पति समेत चार लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया।

कोतवाली क्षेत्र के लालपुर शिवराजपुर गांव निवासी सोनम पुत्री रघुनंदन सिंह ने सास ममता, ससुर राजेश, जेठ रेसू सिंह तथा पति राजन के खिलाफ शिकायत की। बताया कि उसके पिता ने शिवली क्षेत्र के शाहपुर नौबस्ता गांव निवासी राजेश सिंह के पुत्र राजन से बीते वर्ष 9 मई को दान दहेज देकर विदा किया था। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों बाद से कम दहेज का ताना देकर उसे मानसिक शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे और बुलेट बाइक तथा पांच लाख रुपये और अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने भी उसकी शिकायत नहीं सुनी थी।



इस जीवन का प्रथम लक्ष्य है दूसरों की सहायता करना। और यदि आप दूसरों की सहायता नहीं कर सकते तो कम से कम उन्हें आहत तो न करें।
-दलाई लामा



अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999



**इफ्तार**
शनिवार शाम
सुन्नी: 6.21
शिया: 6.29

**सहरी**
रविवार सुबह
सुन्नी: 4:55
शिया: 4:49

पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया : जो शख्स शब-कदर में ईमान के साथ सवाब (पुण्य) की नीयत से खड़ा हो, उसके पिछले तमाम गुनाह माफ कर दिये जाते हैं।

# ‘पहले बीमा कराओ, रबर खरीदो, फिर गैस बुक होगी’

## गैस एजेंसियों की मनमानी, सिलेंडर के लिए लंबी लाइनें लगीं, तेज धूप में सुबह से ही भूखे-प्यासे लोग एजेंसी के बाहर पहुंच जाते

**समस्या**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के चलते गैस की आई दिक्कत का पूरा लाभ ब्लैकमेलर उठा रहे हैं। कानपुर की कई गैस एजेंसियों के बाहर सिलेंडर के लिए लंबी कतारें लगी हैं। गैस एजेंसी भी ब्लैकमेल करने में पीछे नहीं है जो अपनी शर्तों पर उपभोक्ता को सिलेंडर देने की बात कर रही हैं।

शहर के आलोक मेहरोत्रा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक एवं जिलाधिकारी को एक्स X पर पोस्ट करके आरोप लगाया है कि सुमित गैस एजेंसी द्वारा 450 रुपये की अतिरिक्त मांग की जा रही है, आरोप है कि उपभोक्ताओं से गैस सिलेंडर मूल्य के अतिरिक्त 450 रुपये मांगे जा रहे हैं कि पहले बीमा कराओ, रबर खरीदो, तब गैस बुक होगी। इसके अलावा गैस एजेंसी वाले केवाईसी करने के बहाने भी लोगों को टाल रहे हैं। हेल्पलाइन नंबर पर भी सुनवाई नहीं हो रही। उधर शहर में शुक्रवार को भी गैस एजेंसियों के बाहर लंबी कतारें देखी गई, हालांकि इलाकाई पुलिस व्यवस्था बनाने में काफी मददगार साबित हो रही है लेकिन उसके बाद भी गैस के लिए लोग परेशान हैं।



जेके मंदिर के पास गैस एजेंसी के बाहर लगी लंबी लाइन। अमृत विचार



जनता ने हंगामा किया तो पुलिस आई। अमृत विचार

### सुबह से लाइन में लगे, पर्ची बनवाई, नंबर आया तो गैस खत्म



घर में गैस खत्म हो गयी है, कई घंटे से सिलेंडर के इंतजार में हैं, कहा जा रहा है कि जल्दी मिल जाएगा लेकिन कुछ पता नहीं है, गाड़ी आई है लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। तेज धूप में खड़े होने को मजबूर हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। नेता वोट लेने के समय दिखते हैं।

-रीता



पहले गैस एजेंसी के बाहर सिलेंडर के लिए पर्ची बनवाने के लिए दो घंटे से ज्यादा लाइन में लगना पड़ा, अब गैस की गाड़ी के पास खड़े हैं, कोरोना कॉल की तर्ज पर सिलेंडर के लिए जूझना पड़ रहा। इतनी गर्मी में 8-8 घंटे धूप में खड़े होना पड़ रहा है।

-राकेश कुमार



सुबह से ही गैस एजेंसी पर आ गये थे, लाइन में लगकर धक्का-मुक्की के बीच घंटों बाद किसी तरह पर्ची बनवाई और सिलेंडर लदे ट्रक तक पहुंचे लेकिन अब कहा जा रहा है कि सिलेंडर खत्म हो गये हैं, कल मिलेगा। समझ नहीं आ रहा कि क्या करें। कहां से गैस लाएं।

-शमीम बानो



पहले ऑन लाइन गैस बुक कराते थे और दूसरे दिन घर पर आ जाती थी लेकिन अब तो ऑन लाइन बुकिंग सिस्टम ही बंद है जिससे दिक्कत आ रही, एजेंसी पर खड़े-खड़े सुबह से परेशान हैं, दोपहर हो गई पर कोई बताने वाला नहीं है।

-पुष्पा

### कामर्शियल 5000 घरेलू 2000 रुपये

- गैस की किल्लत का पूरा लाभ ब्लैकमेलिंग वाला गैंग उठा रहे हैं। होटल, रेस्टोरेंट व अन्य खानपान की दुकानों में जो जैसा शिकार फंस जाए, उस तर्ज पर दलाल काम कर रहे हैं। कामर्शियल सिलेंडर कहीं 3500, कहीं 4000 और कहीं कहीं 5000 रुपये में मिल रहा है, इसी प्रकार कई स्थानों पर घरेलू सिलेंडर 1800 से 2000 रुपये तक ब्लैक में मिल रहा है। दलाल भी इतने चालाक हैं कि जिसे अच्छी तरह जानते हैं, उन्हीं के जरिये सिलेंडर दे रहे है।

### हास्टल छात्रों की थाली से रोटी गायब

- कोचिंग मंडी काकादेव में छात्रों एवं छात्राओं के दर्जनों हास्टल हैं जिनमें हजारों छात्र रहते हैं। इन छात्रों के खाने पीने की व्यवस्था भी हास्टल के जरिये की जाती है। तवा रोटी मेन्यू में जरूर रहती है लेकिन गैस की किल्लत के चलते चपाती रोटी नहीं बन पा रही है क्योंकि चपाती रोटी गैस पर ही बनती है। हास्टल के जिम्मेदारों का कहना है कि सारा खाना तो कोयले या लकड़ी पर बन जाता है लेकिन रोटी गैस पर ही बनती है जिसकी दिक्कत है। छात्रों के टिफिन का मेन्यू भी कमजोर हुआ है और टिफिन के रेट भी 20 प्रतिशत तक बढ़ गये हैं।

## सिटी ब्रीफ

### सड़क तक बिखरा रहता कूड़ा

**कानपुर।** नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय को शुक्रवार निरीक्षण में जरीबचौकी से द्वारिकापुरी बाजार कूड़ाघर होते हुए गुमटी नंबर पांच व कोकाकोला तक रेलवे की बाउंड्रीवॉल के किनारे काफी कूड़ा मिला। द्वारिकापुरी बाजार में कूड़ा सड़क तक बिखरा मिला और कोई कर्मचारी मौके पर नहीं मिला। नगर आयुक्त ने तत्काल सफाई निरीक्षक मो. फहीम व सफाई नायक राहुल को कारण बताओ नोटिस जारी किया और सफाई कर्मचारी गोलू, विक्रम व बाबू का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

### फॉल्ट से गई बिजली

**कानपुर।** दयानंद विहार क्षेत्र में शुक्रवार को सुबह 11 बजे भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने की वजह से बिजली गुल हो गई। सूचना पर पहुंची केस्को की टीम ने मरम्मत कार्य शुरू किया। टीम को दोपहर करीब दो बजे तक सफलता मिली और बिजली आई। वहीं, अशोक नगर में दोपहर ढ़ाई बजे से चार बजे तक, दबौली के साउथ फीडर की बिजली दोपहर डेढ़ बजे से शाम को चार बजे तक और गुजैनी में दोपहर एक बजे से शाम को करीब चार बजे तक बिजली गुल रही।

### देह दी दान

**कानपुर।** गुलमोहर विहार जूही निवासी शकुंतला ऐलावादी (89) का 13 मार्च की सुबह आठ बजे निधन होने पर इनके पुत्र सुरेश ऐलावादी ने देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर से संपर्क किया। मनोज सेंगर व अभियान की महासचिव माधवी सेंगर ने देहदान के आवश्यक कागज तैयार कर गोंडा मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग को पार्थिव देह दान की। बताया कि दिवंगत शकुंतला ऐलावादी 15 वर्ष पहले देहदान का संकल्प लिया था।

# घरेलू उपभोक्ताओं के लिए सिलेंडर की कोई कमी नहीं-जिलाधिकारी

- अफवाहों के चलते 12 की जगह 24 हजार उपभोक्ताओं ने गैस बुक कराई
- गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए गठित विशेष 12 टीमें कर रहीं छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि जनपद में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति नियमित रूप से की जा रही है। कुछ अफवाह के कारण पैनिक स्थिति में उपभोक्ताओं द्वारा अत्यधिक बुकिंग की जा रही है जिसके



चलते डिलीवरी में अस्थायी रूप से दो-तीन दिन का अंतर आ सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद में सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं को गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

जिलाधिकारी ने बताया कि सामान्य दिनों में बीपीसीएल में प्रतिदिन लगभग छह हजार सिलेंडरों की बुकिंग होती थी, जबकि 12 मार्च को यह संख्या बढ़कर चौबीस हजार से अधिक हो गई। अत्यधिक बुकिंग के कारण डिलीवरी का समय प्रभावित हो सकता है लेकिन वर्तमान समय में जनपद में पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर आ रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे गैस एजेंसी पर जाने के बजाय होम डिलीवरी को प्राथमिकता दें। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन की 18 टीमें फील्ड में सक्रिय हैं, जो भ्रमण कर व्यवस्था की निगरानी कर रही हैं। इसके अतिरिक्त शैक्षिक संस्थानों के मेस, अस्पतालों की कैंटीन तथा मिड डे मील के लिए कामर्शियल सिलेंडरों की आपूर्ति भी सुचारु रूप से कराई जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में गैस सिलेंडरों का लगभग 10 प्रतिशत स्टॉक रिजर्व रखा गया है, जिसका उपयोग आकस्मिक परिस्थितियों में किया जाएगा।

### सांसद ने अधिकारियों को दिल्ली से फोन घुमाया

- कानपुर। शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रमेश अवस्थी ने प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर आवश्यक निर्देश दिए। सांसद ने दिल्ली से फोन पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह एवं पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल से वार्ता कर स्पष्ट निर्देश दिए कि कानपुर वासियों को घरेलू गैस सिलेंडर की किसी भी प्रकार की कमी का सामना न करना पड़े। भाजपा कानपुर क्षेत्र के मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि गैस एजेंसियों की गतिविधियों पर प्रशासन पूरी सतर्कता और पैनी नजर बनाए रखें ताकि कहीं भी कृत्रिम कमी या कालाबाजारी की स्थिति उत्पन्न न हो। कल सांसद रमेश अवस्थी जिला प्रशासन के साथ बैठक कर शहर में हो रहे गैस वितरण की विस्तृत समीक्षा करेंगे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### उपभोक्ताओं को जाना पड़ रहा दूर

**कानपुर।** शहर के बाहरी क्षेत्रों में स्थित कई गैस एजेंसियों द्वारा अधिक कमीशन कमाने की मंशा से शहर के भीतरी इलाकों में डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर (कार्यालय) खोलकर बड़ी संख्या में उपभोक्ता बनाए जाने का मामला सामने आया है। इन एजेंसियों द्वारा स्थानीय स्तर पर सिलेंडर उपलब्ध न कराकर उपभोक्ताओं को दूरस्थ गोदामों पर जाने को बाध्य किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करके गोदामों तक जाना पड़ रहा है। करीब 500 रुपये तक का अतिरिक्त किराया खर्च हो रहा है

### साइबर ठग सक्रिय

एलपीजी संकट के समय साइबर ठग भी सक्रिय हो गए हैं। शोशल मीडिया पर कई लिंक शेयर किए जा रहे हैं। जहां दावा किया जा रहा है कि अभी पेमेंट करने पर अगले दिन आपका सिलेंडर घर पहुंच जाएगा। लिंक पर क्लिक करते ही फर्जी वेबसाइट पर आपसे पेमेंट, बैंक और यूपीआई की जानकारी मांगी जाएगी। पेमेंट होने के बाद साइबर ठग आपकी रकम हजम करके भाग जाते हैं। ऐसे में गैस बुकिंग आफिशियल वेबसाइट से ही करें।

# साउथ इंडियन-स्ट्रीट फूड पर संकट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रसोई गैस किल्लत के बीच साउथ इंडियन फूड लवर के लिए बुरी खबर है। यदि गैस की किल्लत यूं ही जारी रही तो स्ट्रीट स्टॉल और रेस्टोरेंट से साउथ इंडियन फूड गायब हो सकता है। इसकी वजह इसकी रेसेपी का कोयला या लकड़ी पर बनाया जाना अधिक महंगा और कठिनाई भरा है। रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि यदि रसोई गैस की किल्लत बनी रही तो वे लोग पांच से सात दिनों में इसे सर्व करने में परहेज करने लगेंगे।

शहर में साउथ इंडियन फूड के दीवाने अधिक माने जाते हैं। यही वजह है कि यहां पर लगभग 8 सौ स्ट्रीट फूड सेंटर और रेस्टोरेंट में साउथ इंडियन फूड मेन्यू में ऑफर किया जाता है। फिलहाल सभी जगहों पर रसोई गैस से ही इसे सर्व किया जाता है। रेस्टोरेंट संचालकों का कहना है कि यह फूड एक सीमित आंच में तैयार होता है, जिसे ज्यादातर कारीगर कोयला व लकड़ी में तैयार नहीं कर सकते। रसोई गैस की कमी के चलते यदि इसे लकड़ी और कोयले में तैयार करने का भी प्रयास किया जाता है तो यह महंगा और स्वाद में बदलाव लेकर आएगा। इसके अलावा रेस्टोरेंट की मेस में गंदगी और धुंए की वजह से कारीगर भी इस बनाने से बचेंगे। इस स्थिति में यदि गैस किल्लत और अधिक दिन चलती है तो यह फूड सेग्मेंट रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड में धीरे-धीरे कम होता जाएगा और कुछ दिन बाद यह मिलना बंद हो जाएगा।



इस वक्त जो हालात पैदा हुए हैं उनमें रसोई गैस के विकल्पों को चुनना खाने के साथ प्रयोग होगा। साउथ इंडिया में लकड़ी या कोयले का इस्तेमाल साउथ इंडियन फूड बनाने के लिए होता है। वहां के कारीगर इसके लिए अनुभवी है, लेकिन यहां पर ऐसा नहीं है। इसलिए साउथ इंडियन फूड पर सबसे अधिक संकट है। जितना रसोई गैस उपलब्ध होगी उतना ही रेस्टोरेंट संचालक सर्व कर सकेंगे।

-उन्नीकृष्णन, रेस्टोरेंट संचालक



शहर के ऐसे होटल्स और रेस्टोरेंट जहां पर रसोई गैस की उपलब्धता सुचारू रूप से नहीं है वहां पर कारोबार पर संकट है। यदि लगातार यह संकट जारी रहा तो आने वाले समय पर यह इंडस्ट्री कोरोनाकाल जैसी स्थिति में पहुंच जाएगी। शहर में कई ऐसे रेस्टोरेंट है जो छोटे स्तर पर चलते हैं वे रसोई गैस के अन्य विकल्पों को नहीं अपना सकते। ऐसे में उन्हें बाजार में टिकने के लिए मेहनत करनी होगी।

-अंकित गुप्ता, रेस्टोरेंट संचालक

### नहीं तोड़ सकते ग्राहक

- रेस्टोरेंट संचालकों का मानना है कि उन लोगों की सबसे अधिक गुडविल स्वाद और क्वालिटी की होती है। यही वे दोनो आकर्षण हैं जो खाने के शौकीनों को उनके यहां पर लाते हैं। इस स्थिति में वे लोग लकड़ी, और कोयले का इस्तेमाल कर स्वाद और क्वालिटी के साथ समझौता नहीं कर सकते। ऐसी स्थिति में यदि गैस संकट लगातार जारी रहता है तो उन लोगों को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है।

# पहले रोज आते थे 20 हजार सिलेंडर, अब 21 हजार

**राहत**

- उपभोक्ता परेशान नहीं हों, दलालों से सावधान रहें-डीएसओ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिलापूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 1 फरवरी से 11 फरवरी तक औसतन लगभग 20 हजार सिलेंडरों की प्रतिदिन आपूर्ति की गई, जबकि 1 मार्च से 12 मार्च के बीच यह संख्या बढ़कर औसतन 21 हजार से अधिक प्रतिदिन हो गई है। प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी की जा रही है।

उन्होंने बताया कि जिलापूर्ति कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में दिनांक 13 मार्च को लैंडलाइन के माध्यम से 130 तथा व्हाट्सएप के माध्यम से 92 शिकायतें प्राप्त हुईं, इस प्रकार कुल 222 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से लैंडलाइन के माध्यम से 62 तथा व्हाट्सएप के माध्यम से 17 शिकायतों सहित कुल 79 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। उन्होंने बताया कि कंट्रोल रूम में जो भी शिकायतें आ रही हैं, उनका समाधान किया जा रहा है।

### यहां करें शिकायत

- **कानपुर।** उपभोक्ता 0512-2988763, 6394616122 व्हाट्सएप पर शिकायत करें। उपभोक्ता गैस आपूर्ति से जुड़ी शिकायतें 0512-2988763 पर भी दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मोबाइल नंबर 6394616122 पर व्हाट्सएप के माध्यम से भी शिकायत अथवा सूचना भेजी जा सकती है।

**सुविधा** | मुख्य निर्वाचन अधिकारी की पत्रकार वार्ता, 6 अप्रैल के बाद भी फार्म 6 भरकर बन सकते नए मतदाता

# अब परिवार बिखरेगा नहीं, एक ही बूथ पर डाल सकेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चुनाव में मतदान के दिन अभी तक परिवारों को परेशानी होती थी क्योंकि परिवार के किसी सदस्य का कहीं वोटर लिस्ट में नाम है और दूसरे सदस्य को किसी दूसरे पोलिंग स्टेशन पर होता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है, अब एक ही बूथ पर पूरे परिवार का नाम होगा ताकि पूरा परिवार एक ही स्थान पर वोट डाल सके।

शुक्रवार को नवीन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में ये बात उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताई। उन्होंने कहा कि पहले बूथों पर 1500 तक मतदाता होते थे जिससे लंबी लाइन लगती थी लेकिन अब 1200 मतदाता होंगे। मतदाता पोलिंग बूथ के अंदर मोबाइल नहीं ले पाएंगे, मोबाइल जमा करने के लिए मतदाता को टोकन नंबर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में लगभग 1.04 करोड़ मतदाताओं की मैपिंग नहीं पाई गई जबकि 2.22 करोड़ मतदाताओं के नामों में तार्किक विसंगतियां सामने आईं। इन दोनों श्रेणियों के कुल 3.26 करोड़ मतदाताओं को नोटिस जारी किए गए जिनमें से लगभग 98 प्रतिशत मामलों की सुनवाई पूरी हो चुकी है। शेष मामलों की सुनवाई 27 मार्च तक जारी रहेगी, जबकि 10 अप्रैल को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। विधानसभा अथवा लोकसभा चुनाव में नामांकन की अंतिम तिथि तक पात्र नागरिक अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए पात्र नागरिक फॉर्म-6 भरकर आवेदन कर सकते हैं, जबकि नाम विलोपन और संशोधन के लिए फॉर्म-7 और फॉर्म-8 की व्यवस्था है। इससे पूर्व बैठक में मंडलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं एसडीएम सदर अनुभव सिंह, एडीएम वित्त एवं राजस्व विवेक चतुर्वेदी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भाजपा, बसपा, सपा, कांग्रेस, अपना दल (एस), आम आदमी पार्टी तथा सीपीआई (एम) के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### अपने अपने विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग एरिया निर्धारित करें अधिकारी

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में पोलिंग एरिया स्पष्ट रूप से निर्धारित करें, जिससे कोई क्षेत्र छूटे नहीं और किसी क्षेत्र में ओवरलैपिंग भी न हो। उन्होंने बुक ए कॉल विद बीएलओ सेवा की भी समीक्षा की। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी राजनीतिक दलों के साथ समन्वय स्थापित कर पूर्ण पारदर्शिता के साथ मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाएं, जिससे कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए।

### एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 70 बीएलओ सम्मानित किए गए

- छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय स्थित वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 70 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और बीएलओ सुपरवाइजर को सम्मानित किया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि एसआईआर में बीएलओ और सुपरवाइजर की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनके परिश्रम और समर्पण के कारण ही यह अभियान प्रभावी ढंग से संचालित हो रहा है।

# बंदी की मौत पर परिजनों का हंगामा शरीर पर नहीं मिले चोटों के निशान

## परिजनों ने पुलिसकर्मियों पर पीटने का लगाया आरोप, नौकरी व सहायता मांगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जूही में ट्रांसपोर्ट के बाहर से चोरी में जेल गए दो आरोपियों में एक की गुरुवार देर शाम उर्सला में इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। आरोप है कि पुलिसकर्मियों की पिटाई से उसकी जान गई। जूही में देर रात तक करीब पांच घंटे तक सड़क जाम कर घरवालों ने हंगामा किया। शुक्रवार दोपहर पोस्टमार्टम हाउस पर भी हो-हल्ला कर आरोप लगाते रहे। पुलिसकर्मियों को खरीखोटी सुनाई। पैनल व वीडियोग्राफी से हुए पोस्टमार्टम में बंदी की हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई। बिसरा रखा गया।पुलिस ने देर शाम कड़ी सुरक्षा के बीच भैरोघाट पर शव का अंतिम संस्कार करा दिया। शव घर नहीं ले जाने दिया। परिजनों को अंतिम दर्शन तक नहीं हुए।



रंजीत।



पोस्टमार्टम हाउस पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

ट्रांसपोर्टनगर के रत्तूपुरवा स्थित श्याम शुक्ला के वरुणा ट्रांसपोर्ट के बाहर से सात गत्ते हार्डवेयर चोरी गए थे। पुलिस ने फुटेज की जांच कर आठ मार्च को 26 वर्षीय रंजीत को पकड़ा था। पुलिस उसे जेल भेज दिया था। रंजीत की मां अनीता व पिता लल्ला का आरोप है कि चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस ने नौ मार्च को जल्दबाजी में बेटे व धर्मेंद्र को जेल भेजा था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने रंजीत को पीटकर चोरी कबूल कराई थी।

इसी कारण गुरुवार शाम रंजीत की हालत बिगड़ी और जेल के डॉक्टरों ने उर्सला रेफर किया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रंजीत के मौत की खबर परिजनों को दी तो घरवालों ने मिलिट्री कैंप चौकी के बाहर सड़क जाम कर हंगामा करना शुरु कर दिया। हंगामे के कारण पुलिस को यातायात डायवर्ट करना पड़ा। पांच घंटे तक चले हंगामे के बाद रात एक बजे परिजन कार्रवाई के आश्वासन पर शांत हुए। वहीं शुक्रवार दोपहर रंजीत का शव पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया। वहां पहुंचे परिजनों ने फिर आरोप लगाए और हंगामा किया। पैनल व वीडियोग्राफी से पोस्टमार्टम कराया गया। जिसमें हार्ट अटैक से मौत की पुष्टि हुई। जांच के लिए विसरा भी रखा गया है। रंजीत के शरीर पर चोटों के निशान भी नहीं मिले।

इसी बीच परिजन शव घर ले जाने की जिद करने लगे। इससे माहौल गरमाया, हालांकि पुलिस ने शव घर ले जाने से स्पष्ट मना कर दिया और सुरक्षा के बीच भैरोघाट पर शव का अंतिम संस्कार करा दिया गया। डीसीपी साउथ दीपेंद्रनाथ चौधरी ने बताया कि हार्ट अटैक से मौत की बात सामने आई है। विसरा रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिवार को राजस्व विभाग से संभव मदद दिलाने का प्रयास होगा।



रोती बिलखती मां व अन्य परिजन। अमृत विचार

# जाजमऊ में किशोर पर कुत्तों के झुंड ने किया हमला-काटा, लगे 10 टांके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जाजमऊ के मनोहरनगर भल्ला स्टेट में इस दिनों कुत्तों का आतंक है। गुरुवार को कुत्तों के झुंड ने किशोर को दौड़ा कर काट लिया। हाथ-पैर व शरीर में कई जगह काटा। उसके हाथ में 10 टांके लगे हैं। इलाके के लोगों में नगरनिगम के प्रति आक्रोश के साथ बच्चे व वृद्धों में डर का माहौल है। लोगों ने अकेले निकलना बंद कर दिया है।

मनोहरनगर भल्ला स्टेट निवासी मुशीर आलम लेदर की ट्रेडिंग का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि बीते गुरुवार की शाम घर में कुछ सामान की जरूरत थी। इस पर उनकी पत्नी शबीना परवीन ने 12 वर्षीय बेटा अरीश आलम को घर से पीछे गली में दुकान से सामान लेने के लिए भेजा था। अरीश सामान लेकर पैदल घर लौट रहा था, तभी रास्ते में कुत्तों के झुंड ने घेर लिया। इस पर बेटा मदद के लिए शोर मचाते हुए घर की तरफ दौड़ लगा दी। पीछे से दौड़ा रहे कुत्तों ने कई बार काटा और घर के बाहर कुत्तों ने उसे गिराकर हमला कर दिया। बेटे के हाथ-पैर व शरीर के अन्य अंगों पर उसे कई जगह काटा। शोर सुनकर परिजन व आस-पड़ोस के लोग दौड़े और डंडा व पत्थर दिखाकर किसी तरह भगाया। इसके बाद तत्काल बेटे को अस्पताल ले गए। अरीश के दाएं हाथ पर 10 टांके लगे है। इसके अलावा पैर पर गहरा घाव है। शरीर के अन्य अंगों पर खरोच के निशान हैं। मोहल्ले के अन्य बच्चों व वृद्धों में डर है। लोगों ने अकेले निकलना व बच्चों को बाहर भेजना बंद कर दिया है। थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।



बालक के पैर में कुत्ते ने काटा।

- जाजमऊ में नहर भल्ला स्टेट की घटना, कुत्तों ने घर के बाहर घेरकर नोचा
- मोहल्ले में कई लोगों को काट चुके हैं कुत्ते, बच्चे व वृद्धों में डर का माहौल

### लोगों में आक्रोश, पहले भी हमलावर हुए कुत्ते

- भल्ला स्टेट में आवारा कुत्तों का आतंक पहले से है। इलाके के लोगों में नगरनिगम के प्रति आक्रोश है। मोहल्ले के आरीश, इशाक अहमद ने बताया कि कुत्ते पहले भी कई बार लोगों को काट चुके है। कई बार नगरनिगम में शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। कुत्ते खुंखार है, उन्हें पकड़ना जरूरी है, लेकिन विभाग शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं कर रहा है।

### बच्चे की परीक्षा भी छूटी, आराम की सलाह

- पीड़ित बच्चे के पिता मुशीर आलम ने बताया कि बेटा पांचवीं कक्षा का छात्र है और मौजूदा समय में उसकी परीक्षा चल रही है। हाथ-पैर में जख्म के कारण डॉक्टर ने आराम की सलाह दी है। वहीं पैर में दर्द के कारण बच्चा चल भी नहीं सकता है। ऐसे में उसका पेपर छूट गया है।

## सिटी ब्रीफ

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत

**कानपुर।** चकेरी में हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। सरसौल के सुनौथा निवासी 54 वर्षीय रवींद्र कुमार कुशवाहा आटा-चक्की चलाते थे। परिवार में पत्नी राजकुमारी, बेटा शैलेंद्र हैं। परिजनों ने बताया कि बुधवार को वह निमंत्रण में गए थे। वहां से लौटते समय जाजमऊ शेखपुर एयरफोर्स रोड पर किसी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे की सूचना पर रवींद्र को समीप के अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार रात उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### किराया मांगने पर किया हमला

**कानपुर।** बांसमंडी में दुकान का किराया मांगने पर दबंगों ने वृद्ध को घेरकर लिया। गाली-गलौज कर जानलेवा हमला किया। पीड़ित की बेटी ने अनवरगंज थाने में शिकायत कर रिपोर्ट कराई। बांसमंडी निवासी फरिया नैयर के अनुसार बुधवार शाम उनके पिता अंजुम नैयर इकबाल लाइब्रेरी के बाहर स्थित दुकान से पिछले दो माह का बाकी किराया लेने गए थे। इस दौरान मोनीस, सैफ, दुलारे व अन्य दो लोगों ने किराया भूल जाने की बात कहते हुए गाली-गलौज की। विरोध पर आरोपी अंजुम पर लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से हमला कर दिया। थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### यूटर्न ले रहा डंपर झोपड़ियों पर पलटा

**कानपुर।** फजलगंज में दादानगर पुल के पास एक डंपर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी झोपड़ी और मंदिर पर पलट गया। हादसे में मंदिर व झोपड़ी क्षतिग्रस्त हुई। झोपड़ी में कोई नहीं था, इसलिए बड़ा बच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से डंपर को हटवाया। विजयनगर से दादानगर की ओर जाने पर पुल की शुरुआत पर गुरुवार रात एक डंपर यू टर्न ले रहा था, तभी चालक ने नियंत्रण खो दिया। संकरी सड़क होने के चलते डंपर शिव मंदिर व झोपड़ी पर पलट गया। मंदिर के पुजारी कृष्णा दास ने बताया कि यह मंदिर करीब 30 साल पुराना था, जो डंपर की टक्कर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### जेसीपी ने दो थानों का किया निरीक्षण

**कानपुर।** जेसीपी कानून एवं व्यवस्था विपिन ताडा शुक्रवार को जूही और गोविंदनगर थाने के औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, अपराध रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का जायजा लिया। गोविंदनगर में निरीक्षण के दौरान रखरखाव, साफ सफाई और अनुशासन मिलने पर संतुष्ट दिखे। हेड कांस्टेबल रमाकांत त्रिपाठी और महिला कांस्टेबल सुषमा देवी की सराहना करते हुए उन्हें नगद इनाम दिया। इसके बाद जूही थाने पहुंचे, जहां भी व्यवस्थाएं देखीं।

### तमंचे लेकर रील बनाने वाला गया जेल

**कानपुर।** चकेरी पुलिस ने तमंचा लेकर इंस्टाग्राम पर रील बनाने वाला आरोपी पीएसी मोड़ निवासी निशांत गुप्ता को गुरुवार कृष्णानगर से गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। आरोपी ने सोशल मीडिया पर तमंचे के साथ वीडियो वायरल किया था। आरोपी ने बताया कि उसने उन्नाव से 5000 रुपये में तमंचा खरीदा था।

# खुले में बाथरूम करने के विरोध पर युवक की हत्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- परिजनों ने चौकी के बाहर शव रखकर दो घंटे किया हंगामा, एक आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार।** जूही में गली में बाथरूम करने का विरोध करने पर दबंगों ने कहासुनी के बाद सिर पर टाइल्स से ताबड़तोड़ वार कर युवक को लहूलूहान कर दिया। हैलट में नौवें दिन युवक ने दम तोड़ दिया। बहन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर परिजनों ने मिलिट्री कैंप चौकी के बाहर शव रखकर हंगामा किया। पुलिस के आश्वासन पर परिजन शांत हुए और मौके से हटे।



जीतू।

मिलिट्री कैंप कालोनी निवासी 25 वर्षीय जीतू ई-रिक्शा चालक था। परिवार में मां तीरथ देवी, बड़ा भाई राजा उर्फ कुक्कू, बहन संजना व छोटा भाई गोलू हैं। भाई राजा ने बताया कि होली के दिन चार मार्च को इलाके का फहीम उनकी गली में खुले में बाथरूम कर रहा था। जिसका छोटे भाई गोलू ने विरोध किया। नशे में धुत फहीम व उसके साथी अंश ने गाली-गलौज की। पता चलने पर जीतू ने विवाद शांत करा दिया था। आरोप है कि दो घंटे बाद जीतू काम के सिलसिले में घर से निकला तो घात लगाए फहीम व अंश ने उसे घेरकर पीटने लगे। आरोपियों ने जीतू के सिर व चेहरे पर टाइल्स से ताबड़तोड़ वार किए। जिससे वह लहुलूहान होकर सड़क पर गिर पड़ा। परिजनों ने जीतू को हैलट में भर्ती कराया था, जहां इलाज के दौरान गुरुवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने जूही में शव रखकर जमकर हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया। संजना ने बताया कि थाने में शिकायत करने गए तो पुलिस ने कहा कि पहले इलाज कराकर आओ, फिर शिकायत करना। परिजन आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़ गए। गिरफ्तारी न होने तक शव का अंतिम संस्कार न करने की बात पर परिजन अड़े रहे। करीब दो घंटे तक चले हंगामे के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया।

### डिलीवरी ब्वाय को खींचकर पीटा

**कानपुर।** बर्रा में एक डिलीवरी ब्वाय ने घर से खींचकर पीटने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। आरोप है कि आरोपी ने खुद को प्रांत प्रचारक बताते हुए मारपीट की। बर्रा निवासी अंकित जायसवाल अंधा कुआं के पास स्थित एक कंपनी में डिलीवरी ब्वाय हैं। उसने बताया कि वह पार्सल लेकर जूही कला गया था, जहां खुद को प्रांत प्रचारक बताने वाले ने पार्सल लेने से मना कर दिया। इस पर उसने आर्डर ऑनलाइन रद किया तो भड़क गए। इसके बाद उसे घर के अंदर खींच लिया और मारपीट की। बाद में वह थाने पहुंचा अन्य डिलीवरी ब्वाय भी थाने पहुंच गए और कार्रवाई की मांग की। बर्रा थाना प्रभारी रवींद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मारपीट में डिलीवरी ब्वाय का मेडिकल कराया गया है।

# पेंशनभोगियों का राष्ट्र निर्माण में योगदान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को दूरसंचार पेंशनभोगियों व आने वाले छह माह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए पेंशन अदालत व जीवन प्रमाण कैंप का अयोजन किया गया। इंटरनेट सुविधाओं को बढावा देने के लिए इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संदेश दिया कि पेंशनभोगियों द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान का सम्मान करना चाहिए।

पेंशनभोगियों को योग गुरु गौरीशंकर ने वृद्धावस्था में शरीर को स्वस्थ व सक्रिय रखने के लिए सरल योगासन सिखाए गए। वित्तीय साक्षरता विषय पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया व भारतीय डाक विभाग ने डिजिटल माध्यम से होने वाले वित्तीय लेनदेन में बरती जाने वाली सावधानियों व साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। नियंत्रक मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि पेंशनभोगियों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाना चाहिए। उन्होनें एक पेड़ मां के नाम अभियान का महत्व बताकर पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान कर सभी को एक-एक पौधा प्रदान किया।

दूरसंचार पेंशनभोगियों के लंबित प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। पेंशनभोगियों के डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र बनाए गए और नए पहचान पत्र भी वितरित किए गए। नए टेलीकॉम सुधारों के साथ सरस पोर्टल के लाभ बताये। इस दौरान सहायक नियंत्रक प्रज्ञा ठाकुर, लेखाधिकारी संवेदना सिंह, सहायक लेखाधिकारी अम्बरीश कुमार, अभिषेक कुमार पाण्डेय समेत आदि रहे।





पेंशनभोगियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार

- नगर निगम मुख्यालय में पेंशन अदालत व जीवन प्रमाण कैंप का हुआ आयोजन

# स्टेशन पर 23 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सेंट्रल स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी ने 22 किलो 940 ग्राम गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। गाड़ी संख्या 12505 नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस से कानपुर आये तस्कर ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के न्यू कूच विहार से चोरी छिपे गांजा लाता है और कानपुर में महंगे दाम पर बेचता है।

शुक्रवार को सेंट्रल स्टेशन पर आरपीएफ निरीक्षक एसएन पाटीदार, उप निरीक्षक हिमांशु शर्मा, जीआरपी के उप निरीक्षक सुनील कुमार, एनसीबी निरीक्षक गोविंदलाल दलबल के साथ संयुक्त चेकिंग पर थे, तभी जीआरपी और आरपीएफ को तस्कर के संबंध में गुप्त सूचना प्राप्त हुई। आरपीएफ प्रभारी एसएन पाटीदार ने बताया कि चेकिंग के दौरान उन्हें कैंट साइड सरकुलेटिंग एरिया में वाहन स्टैंड के पास एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से दो बैग के साथ बैठा दिखाई दिया, शक होने पर उस व्यक्ति से पूछताछ शुरू हुई तो वह घबरा गया। उसने अपना नाम चन्दन तिवारी निवासी सारण (बिहार) बताया तथा उसके दोनों बैग से कुल 22 बण्डल टेप से सील मिले जिन्हें चेक करने पर उसमें गांजा बरामद हुआ जिसका वजन 22 किलो 940 ग्राम निकला।

### गिरे मोबाइल से 11 लाख किए पार

**कानपुर।** प्राथमिक विद्यालय से घर लौट रहे शिक्षक का मोबाइल गिरने के बाद साइबर शातिरों ने 11. 52 लाख रुपये खाते से पार कर लिए। घाटमपुर रेउना के इस्माइलपुर कदीम निवासी रश्मी देवी के अनुसार उनके पति अरुण कुमार मल्लाहनपुरवा में सहायक अध्यापक हैं।

जनवरी माह में वह विद्यालय से घर आ रहे तभी पति का मोबाइल कहीं गिर गया था। इस पर 24 जनवरी को ऑनलाइन शिकायत कर बैंक में रजिस्टर्ड नंबर को फिर से निकलवाया। इसके बाद सात फरवरी को जब पति के साथ ग्रामीण बैंक पहुंची तो 16 जनवरी से 6 फरवरी के बीच खाते से 11 लाख रुपये निकलने की जानकारी मिली।

# नशे पर कलह, फंदे से लटक कर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कल्याणपुर में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार।** कल्याणपुर में शराब पीकर घर आए युवक का पत्नी से विवाद हुआ। कलह के बाद युवक ने फंदे से लटककर जान दे दी। तीन माह पहले ही युवक की शादी हुई थी।



पुनीत कुमार।

मदारपुर निवासी 29 वर्षीय पुनीत कुमार कल्याणपुर में सेलटैक्स ऑफिस के पास पंचर की दुकान किए था। परिवार में मां शांति, छोटा भाई सुधीर, पत्नी विनीता हैं। पिता छोटे लाल की मौत हो चुकी है। भाई ने बताया कि पुनीत शराब पीते थे, गुरुवार रात को भी नशे की हालत में घर आए। इस पर नशे को लेकर भाभी से उनका विवाद हो गया। झगड़े के बाद पुनीत कमरे में चले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। खिड़की से झांककर देखा तो शव फंदे से लटका था। चीख-पुकार मचने पर पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। पुलिस ने शव फंदे से उतारा और पूछताछ के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## हेल्थ जोन

### विश्व किडनी दिवस पर नेफ्रोलॉजिस्टों ने दी किडनी को ठीक रखने की जानकारी

# बीपी को कंट्रोल करने में किडनी महत्वपूर्ण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में किडनी मुख्य भूमिका निभाती है। यह शरीर में सोडियम और पानी की मात्रा को संतुलित कर रक्त की मात्रा नियंत्रित करती है। जब शरीर में नमक ज्यादा होता है, तो किडनी पानी रोककर रक्त वाहिकाओं में दबाव बढ़ाती है। साथ ही, यह रेनिन-एंजियोटेंसिन-एल्डोस्टेरोन सिस्टम नामक हार्मोन प्रणाली के माध्यम से ब्लड प्रेशर को संतुलित रखती है। यह जानकारी वरिष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ.दिलीप कुमार सिन्हा ने दी।

परेड स्थित आईएमए सभागार में शुक्रवार को विश्व किडनी दिवस के तहत जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे आईएमए अध्यक्ष डॉ.अनुराग मेहरोत्रा ने कहा कि लोग स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक हो और क्रोनिक किडनी डिजीज के खतरों के प्रति सचेत रहे। वरिष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ.दिलीप कुमार सिन्हा ने बताया कि गुर्दे फेल होने की मुख्य वजह डायबिटीज, हाई ब्लडप्रेशर, पथरी की बीमारी, बार-बार पेशाब का इंफेक्शन, यूरिक एसिड व दवाओं का लंबे समय तक अनियंत्रित इस्तेमाल है।



आईएमए में किडनी को रोग से बचाव की जानकारी देते डॉक्टर्स। अमृत विचार

वरिष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ. देशराज गुर्जर ने बताया कि क्रोनिक किडनी डिजीज साइलेंट बीमारी है। क्योंकि इसके लक्षण तब तक दिखाई नहीं देते, जब तक किडनी को काफी नुकसान न पहुंच गया हो। इसलिए ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखें, पर्याप्त पानी पीने पीयें। नमक का सेवन कम करें और नियमित व्यायाम करें। डॉ.युवराज गुलाटी ने बताया कि किडनी रोग की शुरुआती पहचान के लिए साधारण रक्त जांच के साथ यूरिन एसीआर टेस्ट जरूरी है।

### इन लक्षणों को न करें नजरअंदाज

- लगातार थकान या कमजोरी महसूस होना।
- रात में अधिक पेशाब आना या पेशाब में झाग व बुलबुले दिखना।
- टखनों, पैरों या हाथों में सूजन (एडिमा)।
- आंखों के आसपास सूजन, खासकर सुबह के समय।
- त्वचा में लगातार खुजली होना।

### केडीए चौराहा पर पिज्जा शॉप में आग से भगदड़

**कानपुर।** शुक्रवार को देर शाम चकेरी थाना क्षेत्र में केडीए चौराहा पर एक पिज्जा शॉप में भीषण आग लगी जिससे वहां मौजूद स्टाफ अपनी जान बचाकर भाग खड़ा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग पर काबू पाया।

जगईपुरवा निवासी जूली सिंह की पिज्जा हॉलिक नाम से दुकान है। देर शाम को शॉप खोलकर वह घर चली गईं। इसके बाद शॉर्ट सर्किट में दुकान में आग लग गई। आग विकराल रूप लेने लगी तो कर्मचारियों ने शोर मचाया। दमकल की दो गाड़ियां और पुलिस कर्मी पहुंचे और दरवाजा तोड़कर आधे घंटे में आग पर काबू पाया। जाजमऊ अग्निशमन अधिकारी राहुल नंदन ने बताया कि शॉर्ट से सर्किट से आग लगने की बात सामने आई है।

# खुदाई से अंडरग्राउंड केबिल में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पटकापुर रामनारायण बाजार में शुक्रवार शाम को केस्को की अंडरग्राउंड लाइन में अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख आसपास के लोग दहशत में आ गए और बचाव के लिए दूसरे स्थान पर गए। इसबीच जब तक केस्को की टीम मौके पर नहीं पहुंची, तब तक मार्ग पर आवागमन बाधित रहा। जानकारी पर केस्को की टीम मौके पर पहुंची और आपूर्ति बंद कर मरम्मत कार्य शुरू किया। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि फूलबाग उपकेंद्र से संबंधित क्षेत्र पटकापुर में केईआई कंपनी द्वारा किए गए अंडरग्राउंड केबलिंग कार्य को नगर निगम द्वारा की गई खुदाई के दौरान क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे केबल डैमेज होने से उसमें आग लग गई। सूचना प्राप्त होने पर अवर अभियंता द्वारा तत्काल मौके पर मेंटेनेंस गैंग को मौके पर भेजा गया। क्षतिग्रस्त केबल की मरम्मत कराई। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद वर्तमान में क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। यह घटना नगर निगम द्वारा बिना पूर्व सूचना के खुदाई किए जाने व अंडरग्राउंड केबल को क्षतिग्रस्त करने के कारण घटित हुई।



केस्को की अंडरग्राउंड केबिल जलने से निकलता धुआं।

### मृतक आश्रित पीएसी जवान पर फर्जीवाड़ा का मुकदमा

**कानपुर।** पीएसी 11वीं वाहिनी सीतापुर में सिपाही पर जाति प्रमाण पत्र में फर्जीवाड़ा का मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोपी श्यामनगर का रहने वाला है। तहसीलदार की रिपोर्ट के बाद क्षेत्रीय लेखपाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्रीय लेखपाल आलोक कुमार की तहरीर के अनुसार कई साल पहले 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर में आरक्षी के पद पर तैनात रहे श्यामनगर निवासी सुनील कुमार की सेवाकाल के दौरान मौत हो गई थी। जिसके चलते उनके बेटे शिवम कुमार को मृतक आश्रित के चलते नौकरी दी गई, लेकिन शिवम कुमार के दस्तावेजों में जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन पर संदेह हुआ। जिसके बाद पीएसी सेनानायक कार्यालय से जांच सदर तहसील भेजी गई। जिसके बाद तहसीलदार ने जांच की तो जाति प्रमाण पत्र में फर्जीवाड़ा पाया।

## सिटी ब्रीफ

### परीक्षा देकर लौट रहे छात्र को पीटा

**कानपुर।** बर्रा में परीक्षा देकर लौट रहे 10वीं के छात्र पर कई युवकों ने हमला कर दिया। मारपीट देख आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी भाग निकले। इसके बाद लोगों ने छात्र के परिवार वालों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन उसे थाने ले गए और शिकायत की। जूही लाल कालोनी निवासी कुलदीप श्रीवास्तव एचबीटीयू में असिस्टेंट इंजीनियर हैं। उनका बेटा यथार्थ श्रीवास्तव रतनलाल नगर स्थित चिंटल्स स्कूल में 10वीं का छात्र हैं। यथार्थ के अनुसार वह परीक्षा देने के बाद साथी आरव के साथ स्कूटी से घर लौट रहा था। वह दोनों बर्रा दो स्थित अल्फा जिम के पास पहुंचे थे, तभी स्कूल में ही पढ़ने वाली तीन साथियों ने लाठी-डंडे लेकर उन पर हमला बोल दिया। उसके सिर पर चोटें आईं हैं। पुलिस के अनुसार जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### बंद मकान से नकदी जेवर ले गए चोर

**कानपुर।** काकादेव के शास्त्रीनगर में चोरों ने बंद मकान में धावा बोलकर नकदी व जेवर समेत लाखों का माल ले गए। पड़ोसी ने गृहस्वामी व पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर आरोपियों की तलाश कर रही है। शास्त्री नगर निवासी जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि नौ मार्च को वह परिवार समेत निजी काम से गाजियाबाद गए थे। इस दौरान घर का ताला तोड़कर शातिर अंदर दाखिल हो गए। फिर अलमारी का लॉकर तोड़ नकदी व जेवर समेत लाखों का माल चोरी कर ले गए। कार्यवाहक थाना प्रभारी उदयवीर ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एआई से कम मेहनत में मिल रहा अधिक लाभ

## पद्मश्री डॉ.सरोज चूड़ामनी ने फिजियोलॉजी सम्मेलन में दी जानकारी



पुस्तक का विमोचन करते डॉक्टर्स। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से स्वास्थ्य क्षेत्र में मेहनत कम और लाभ अधिक मिल रहा है। पहले अच्छे ज्योतिषाचार्य जन्म के समय बच्चे की कुंडली देखकर उसका पूरा भविष्य बता देते थे, उसकी प्रकार एआई भी अब यही काम कर रहा है। एआई भी सारा डाटा एकत्र कर संबंधित विषय की पूरी कुंडली तैयार कर जानकारी दे सकता है। यह जानकारी शुक्रवार को पद्मश्री डॉ.सरोज चूडामनी गोपाल ने राज्य स्तरीय फिजियोलॉजी सम्मेलन में दी। कहा कि ग्रह नक्षत्र का असर भी हमारे शरीर पर पड़ता है।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के सभागार में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश फिजियोलॉजी कॉन्फ्रेंस -यूपी एसोपिकोन के दूसरे दिन विशेषज्ञों ने कई गंभीर बीमारियों के निदान की जानकारी दी। पुरस्कार वितरण व पुस्तक का विमोचन किया गया। सीएसजेएमयू के कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने कहा कि किसी भी सम्मेलन का सबसे महत्वपूर्ण अंग उसकी कार्यशालाएं और इनोवेशन का मंथन होता हैं। पद्मश्री डॉ.सरोज चूड़ामणि ने कहा कि डॉक्टर को बीमारी पकड़ने के लिए मरीज से अच्छी तरह उसके लक्षणों के बारे में पूछना चाहिए और मरीज से बात जरूर करनी चाहिए। ऐसा करने से 90 फीसदी बीमारी की जानकारी एक अच्छे डॉक्टर को आसानी से हो सकती है।

उन्होंने जोर दिया कि अगर डॉक्टर और इंजीनियर अगर साथ मिलकर काम करते तो स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति आ सकती है, जिसका लाभ सीधे मरीजों को मिलेगा।

### कला उपहार नीलामी: सामाजिक सरोकारों से जुड़ाव

- सम्मेलन में कला उपहार नीलामी (आर्ट वर्क ऑक्शन) का आयोजन किया गया। नीलामी का उद्देश्य सामाजिक कार्यों के लिए धनराशि एकत्र करना था। डॉक्टरों, कलाकारों व प्रतिभागियों द्वारा बनाई गई उत्कृष्ट कलाकृतियों की नीलामी की गई। नीलामी से प्राप्त धनराशि को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से जुड़े सामाजिक कार्यों के लिए सौंपा जाएगा। वहीं, चिकित्सा शिक्षा और शोध के क्षेत्र में आजीवन योगदान के लिए केजीएमयू के डॉ.यूएस पांडेय को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया।

# बार-बार यूरिक एसिड बढ़ने से हो सकती डायबिटीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**60** फीसदी पुरुष व 40 फीसदी महिलाओं पर की गई स्टडी


डॉ.शिवम वर्मा।

**अमृत विचार।** बार-बार यूरिक एसिड बढ़ने से शरीर में इंसुलिन प्रतिरोध बढ़कर डायबिटीज का खतरा हो सकता है। इसके अलावा गठिया की समस्या भी यूरिक एसिड बढ़ने की वजह से हो सकती है। यह जानकारी लखनऊ के डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में फिजियोलॉजी विभाग के डॉ.शिवम वर्मा ने दी।

मेडिकल कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में आए डॉ.शिवम वर्मा ने बताया कि यूरिक एसिड व डायबिटीज के बीच के कनेक्शन की वजह जानने के लिए 350 मरीजों पर स्टडी की है, जिसमे 60 फीसदी पुरुष व 40 फीसदी महिलाएं थीं। पता चला कि बार-बार यूरिक एसिड बढ़ना सीधे तौर पर टाइप 2 डायबिटीज और इंसुलिन प्रतिरोध से जुड़ा है। जब खून में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ जाता है, तो यह इंसुलिन के कार्य में बाधा डालता है, जिससे ब्लड शुगर बढ़ने लगता है। यह बढ़ा हुआ यूरिक एसिड इंसुलिन को शरीर की कोशिकाओं पर काम करने से रोकता है, जो टाइप 2 डायबिटीज का प्रमुख कारण है। अधिक चीनी या फ्रुक्टोज युक्त खाद्य पदार्थों जैसे कोल्ड ड्रिंक्स का सेवन यूरिक एसिड को बढ़ाता है, जो सीधे चयापचय असंतुलन और मधुमेह से जुड़ा है। वहीं, शरीर में पानी की कमी भी यूरिक एसिड के बढ़ने के मुख्य कारण में शामिल है। देर रात तक जागने, सुबह जल्दी न उठने, शरीरिक व्यायाम न करने और पर्याप्त नींद न लेने से शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते है। रात में पर्याप्त नींद न लेने से मेलाटोनिन कम और सुबह कोर्टिसोल बढ़ जाते हैं। जांच में नॉन डिपर ब्लड प्रेशर कम नहीं होता है। इसकी वजह से किडनी व हृदय पर काफी असर पड़ता है।

सम्मेलन में पोस्टर प्रतियोगिता हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने मेडिकल रिसर्च के कई क्षेत्रों में किए गए अपने शोध कार्यों को पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस दौरान जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की उप-प्राचार्य डॉ. ऋचा गिरी, फिजियोलॉजी विभाग की नोडल अधिकारी डॉ.डोली रस्तोगी, आयोजक समिति के सह अध्यक्ष डॉ. मुनिश रस्तोगी, एसोपी उप चैप्टर की अध्यक्ष व केजीएमयू की फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. श्रद्धा सिंह, सचिव डॉ. शिवम वर्मा, डॉ.प्रीती कन्नौजिया, डॉ.दुर्गेश कुमार समेत आदि रहे।

# प्रीपेड स्मार्ट मीटर में बैलेंस निगेटिव तो बत्ती होगी गुल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को ने स्मार्ट प्रीपेड बिजली व्यवस्था को पूरी तरह से लागू किया

**अमृत विचार।** जो उपभोक्ता अभी तक सोचते थे कि बैलेंस निगेटिव हो गया है तो क्या हुआ, परिसर में बिजली तो आ ही रही है, बाद में रिचार्ज करा लेंगे। ऐसा सोचना भी अब केस्को के उपभोक्ताओं को महंगा पड़ेगा। क्योंकि अब जैसे ही प्रीपेड स्मार्ट मीटर में बैलेंस निगेटिव होगा, तुरंत बिजली कट जाएगी। रिचार्ज की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अब बिजली आएगी। यह व्यवस्था केस्को में शुक्रवार से लागू हो गई है।

कानपुर विद्युत आपूर्ति कंपनी के शहर में करीब साढ़े सात लाख उपभोक्ता है, जिनमे से केस्को एक लाख 39 हजार उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर लगा चुका है। इनमे से केस्को 0.91 लाख स्मार्ट मीटर को प्रीपेड कर चुका है। प्रीपेड मीटर होने के बाद भी कई उपभोक्ता बैलेंस शून्य होने पर भी रिचार्ज नहीं कराते थे और केस्को अधिकारी भी बिजली इसलिए नहीं काटते थे। ऐसा करने से केस्को पर अतिरिक्त भार पड़ने लगा और उपभोक्ता भी बिल की वसूली में अनाकानी करने लगे थे। अब केस्को ने शुक्रवार को एक नई व्यवस्था लागू कर दी है, जिसके तहत अब अगर प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता के खाते में बैलेंस निगेटिव होता है तो उनकी बिजली आपूर्ति खुद बंद हो सकती है। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने बताया कि केस्को की ओर से उपभोक्ताओं से अपील है कि अपने विद्युत खाते में समय-समय पर रिचार्ज कराते रहें और बैलेंस को पॉजिटिव बनाए रखें। उपभोक्ताओं द्वारा यूपीपीसीएल की बेवसाइट, मोबाइल ऐप, भीम, फोन पे, गूगल पे आदि डिजिटल माध्यमों से घर बैठे रिचार्ज किया जा सकता है। केस्को के विभागीय काउंटरों पर भी रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध है। उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर से सटीक बिलिंग, कम मानवीय हस्तक्षेप और नियमित बिल प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

### एडवांस बिल जमा करने पर ही कट गई बिजली

- कल्याणपुर-पनकी रोड आवास-विकास तीन में प्रभु कृपा रेस्टोरेंट व होम हब मार्केट के मालिक ने बताया कि दोनों प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट लगा है और समय पर बिजली के बिल का भुगतान किया जाता है। आरोप है कि शुक्रवार को सुबह करीब साढ़े 10 बजे दोनों प्रतिष्ठानों का एडवांस में बिजली के बिल के भुगतान के लिए 20 हजार रुपये जमा किए, लेकिन इसके बावजूद दोपहर तीन बजे आपूर्ति बाधित हो गई, जिसकी वजह से करीब 50 हजार का नुकसान हो सकता है। आरोप है कि केशवपुरम सबस्टेशन में शिकायत की, लेकिन वहां से टरका दिया गया, कोई सुनवाई नहीं की गई। जानकारी पर केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा ने मौके पर टीम को भेजकर जांच कराई और आपूर्ति बहाल की।

# बेरहमी से ईंट से कुचल कर कुत्ते को मार डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कर्नलगंज में की हैवायिनत, आरोपी हिरासत में

**अमृत विचार।** कर्नलगंज कब्रिस्तान में एक युवक ने ईंट से कुचलकर कुत्ते को मार डाला। कब्रिस्तान के पास मौजूद एक युवक ने पूरी घटना का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद एक दर्जन से अधिक पशु प्रेमियों ने कर्नलगंज पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की है।

वायरल वीडियो बिसाती कब्रिस्तान का है, जहां पर एक युवक हाथ में ईंट लेकर टहलते दिखाई दिया। उसने लेटे कुत्ते पर अचानक हमला किया। कुत्ते ने भागने का प्रयास किया, लेकिन वहीं गिर पड़ा। युवक ने बाद में ईंट उठाकर दोबारा से उस पर हमला किया। कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई। वीडियो वायरल होने के बाद पशु प्रेमी दिनेश, अजय मिश्रा, ऋषभ कश्यप, विजय, रोहन समेत एक दर्जन से अधिक लोगों ने कर्नलगंज थाने में शिकायत की। कर्नलगंज थाना प्रभारी विनीत कुमार ने बताया कि वीडियो के आधार पर युवक की पहचान बिसाती कब्रिस्तान निवासी मिराज के रूप में हुई है। आरोपी युवक को हिरासत में लेकर शांतिभंग की कार्रवाई की गई है।

# आज से 53 केंद्रों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 14 व 15 मार्च को शहर में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा शहर के 53 केंद्रों में होगी। परीक्षार्थियों की सहायता के लिए नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों की तैनाती भी की गई है। शुक्रवार को परीक्षा के सभी सुरक्षा इंतजाम भी परखे गए। दोनों दिनों में चार पालियों में परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रत्येक दिन प्रथम पाली 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक रहेगी। ड्यूटी पर तैनात स्वयंसेवक परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में सहयोग प्रदान करेंगे। चीफ वार्डेन राजीव सिंह को सभी ड्यूटी का प्रभारी बनाया गया है। डिप्टी चीफ वार्डेन आशीष बाजपेई तथा स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डेन सतीश अरोड़ा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। ये अधिकारी भ्रमण पर रहकर ड्यूटी पर तैनात स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन करेंगे और व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।


सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ा परीक्षार्थियों का हुजूम। अमृत विचार

# फर्जी एग्रीमेंट से बंगले पर कब्जे का प्रयास

**कानपुर।** स्वरूप नगर में मकान मालिक ने किराएदार पर फर्जी एग्रीमेंट बनाकर बंगले पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी के कृष्णा नगर निवासी नीरज भाटिया की तहरीर के अनुसार स्वरूप नगर में उनका एक बंगला है। 2020 में 11 माह की किराएदारी अनुबंध पर रमिंदर सिंह भसीन को मकान दिया था। आखिरी अनुबंध नवबंर 2024 से अक्टूबर 2025 तक था। इसके बाद मकान खाली करने को कहा तो रमिंदर तरह-तरह बहाना बहाने लगे। साथ ही किराएदार व उसके पुत्र सरन भसीन ने गाली-गलौज कर धमकी दी। आरोप है कि किराएदार ने उनके फर्जी हस्ताक्षर कर एक झूठा एग्रीमेंट तैयार न्यायालय में वाद दाखिल कर दिया। जिससे मकान में कब्जा किया जा सके।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरा नाम KANISHKAAGARWAL था से अब KANISHK AGARWAL हो गया है। अब मुझे KANISHK AGARWAL के नाम से जाना जाएगा। S/0-SANJAY AGARWAL /DEEPALI AGARWAL R/0-410 NAVAL KISHOR ROAD, HAZRATGANJ DIST-LUCKNOW-226001 (U.P.)

**सूचना**

मतदाता पहचान पत्र, इंडियन बैंक की पासबुक में मेरा नाम विद्यावती एवं आधार कार्ड पर विद्या देवी अंकित है। यह दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे विद्या देवी के नाम से जाना व पहचाना जाए । **विद्या देवी पत्नी प्यारेलाल निवासी– मकान संख्या 730/17 दक्षिणी जहानाबाद परगना व तह. सदर–रायबरेली**

**सूचना**

मैने **राजेश गुप्ता पुत्र स्व0 पुत्तु लाल गुप्ता नि0–मोहल्ला अहिरान प्रथम कस्बा व थाना पलिया जनपद खीरी** से अपने पूर्व सभी पारिवारिक सम्बन्ध समाप्त कर लिया है। भविष्य में इनके किसी कार्य या लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नही होगा। कपिल कुमार पुत्र स्व0 राजाराम नि0–ग्राम–घुरहा गढ़ैया पो0–धर्मापुर थाना–भीरा जिला–खीरी।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SUNJAY SINGH था से बदलकर SANJAY SINGH रख लिया है। अब मुझे SANJAY SINGH के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-LAL BAHADUR SINGH ADD-JAGDISHPUR AMRA RAJEPUR DIST-JAUNPUR-222136 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम KM YASMEEN KHAN से बदलकर YASMEEN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-MOHD JUNAID, ADD-477/104, SITAPUR ROAD, PURANI BAAS MANDI, KHADRA, NIRALA NAGAR, DIST-LUCKNOW-226020 (U.P.)

**Public Notice**

I, SANYOGITA AHIAPURI D/O MR. RAMESH KUMAR SONKER, R/O-H.NO.-555 CHA/ 310, RAM NAGAR, LUCKNOW, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO SANYOGITA SONKER, AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS SANYOGITA SONKER.

**सूचना**

पहले मेरा नाम Shailenda Kumar Yadava था अब मैने बदलकर अपना नाम Shailendra Kumar Yadav रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O Shiv Nandan, Vill Ratanpur, Post KNI Ps Kotwali Nagar Dist Sultanpur-228118

**सूचना**

मेरे जुड़वा पुत्रों मो. हुसैन तथा मो. हसन का जन्म 28–01 –2011 को हुआ है। यही जन्म तिथि दोनों पुत्रों के जन्म प्रमाण पत्र में भी अंकित है। **मो. शरीफ पुत्र मो. अकरम, निवासी आला हजरत कॉलोनी अंधियारी बाग रोड बलरामपुर (उ. प्र.)**

**सूचना**

मैं अन्नू मेहरोत्रा पुत्री प्रेम नारायण टंडन निवासी मकान नं.M5/21 ब्लॉक F योजना 39 जाजमऊ कानपुर नगर उपरोक्त प्रापर्टी का मूल आवंटन पत्र (413/D/भू/01.06.1982) कब्जा पत्र (12.05.2003) एवं POA(14.07.1987 sr no-2310) कही खो गया है जिसका प्रयोग किसी अन्य के द्वारा अवैध माना जाएगा। **मो. 9793347433**

**सूचना**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम KAREEM BAKSH लिखा है जब कि पिता का सही और शुद्ध नाम KAREEM BAX है। KAREEM BAX को ही सही माना जाए।
MO GUFRAN S/0 KAREEM BAX **निवासी ग्राम चिरौरा रायपुर कुकहट कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैं **हीरा लाल पुत्र बृजलाल निवासी– ग्राम राम नगर मजरा जिन्दौर परगना व तहसील मलिहाबाद, जनपद लखनऊ**, मेरे पुत्र रोहित कुमार का व्यवहार मेरे प्रति अच्छा नहीं है अपने पुत्र के गलत आचरण व चाल–चलन से मैं अत्याधिक शारीरिक व मानसिक तौर पर पीड़ित रहता हूँ उसकी इन हरकतों से तंग आकर उपरोक्त के गलत व्यवहार एवं आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ तथा आज से मेरा मेरे पुत्र से कोई वास्ता सरोकार, रिश्ता, लेन–देन आदि नहीं रहा। उक्त पुत्र के समस्त क्रिया कलापो एवं खराब आचरण, लेन–देन कर्जे आदि के प्रति वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा कोई लेना–देना न है न भविष्य में होगा।

**सूचना**

मैं **दिनेश कुमार त्रिवेदी पुत्र श्री शिवआधार नि0 बहादुरगंज खारा, तिलोई जनपद अमेठी**, मैं अपनी सम्पत्ती (चल–अचल) का एक मात्र पूर्ण और स्व– अर्जित मालिक हूँ! मेरा पुत्र लवकुश मेरे कहने सुनने में नहीं रहता है वह घर मे बदसलूकी व उपद्रव करता रहता है यदि उक्त पुत्र कुछ गलत कार्य करता है तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। मैं अपने पुत्र को समस्त अचल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यह कि मेरे पुत्र लवकुश भविष्य में मेरी संम्पत्ति पर कोई भी दावा नही कर सकेगा।


# विश्वकर्माओं को दिए गए टिप्स

**कानपुर।** एमएसएमई-विकास कार्यालय की ओर से कार्यालय परिसर में प्रदर्शनी आयोजित की। इस प्रदर्शनी के दूसरे दिन विश्वकर्माओं को कारोबार बढ़ाने के टिप्स दिए गए।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उद्यमी बलराम नरूला मौजूद रहे। उन्होंने विश्वकर्माओ को डिजिटल कारोबार से जुड़ने की सीख दी। कार्यकम में निदेशक विष्णु कुमार वर्मा ने अध्यक्षता की।

# पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए चलाई जाएगी विशेष ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



**अमृत विचार।** डायरेक्ट रिक्रूटमेंट पुलिस परीक्षा –2025 के मद्देनजर शनिवार एवं रविवार को विशेष ट्रेन चलेगी।

उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमा ने बताया कि वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से दोपहर 1.30 बजे रवाना होगी जो एट, उरई, कालपी, पुखरायां तथा भीमसेन स्टेशन पर ठहराव लेगी।

दूसरी गाड़ी वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी स्टेशन से शाम 6.30 बजे रवाना होगी। ये गाड़ी भी एट, उरई, कालपी, पुखरायां तथा भीमसेन स्टेशन पर ठहराव लेगी।

# होली से वापस जा रहे यात्रियों के लिए विशेष ट्रेन चलेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रांची से आनंद विहार टर्मिनल तक चलेगी ट्रेन

**अमृत विचार।** होली का त्योहार मनाने के उपरांत अपने काम पर वापस जाने वालों के लिए रेलवे ने रांची से आनंद विहार टर्मिनल तक विशेष ट्रेन चलाने की घोषणा की है। गाड़ी संख्या 02877 रांची से आननंद विहार टर्मिनल के लिए 14 व 28 मार्च को चलेगी। गाड़ी संख्या 02878 आनंद विहार टर्मिनल से रांची के लिए 15 व 29 मार्च को चलेगी।

### पूर्व सांसद की मनाई गई जयंती

**कानपुर।** सपा कार्यालय में पूर्व राज्यसभा सांसद शिवदयाल चौरसिया की जयंती पर शिक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया। सपाइयों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि पूर्व सांसद ने समाज में लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा दिया और उनकी पुस्तकों व फीस के लिए आर्थिक मदद की। कहा कि शिक्षा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाकर ही देश को प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ाया जा सकता है।

# बिना कागजात का 20 करोड़ कीमत का कच्चा माल मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फ्रेग्रेंस कारोबारी पर दूसरे दिन भी आयकर का सर्वे जारी

**अमृत विचार।** शहर के फ्रेग्रेंस कारोबारी पर आयकर विभाग का सर्वे दूसरे दिन भी जारी रही। करअपवंचना से जुड़े कई अहम जानकारी अधिकारियों को मिले हैं। बताया जा रहा है कि लगभग 20 करोड़ रुपये के कच्चे माल बगैर कागज के हाथ लगे हैं।

शहर में गुरुवार दोपहर को शुरू की गयी फ्रेग्रेंस कारोबारी एस कुमार परफ्यूमर्स के आधा दर्जन ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। जांच में जुटे आयकर अधिकारियों ने व्यापक स्तर पर गड़बड़ियां पकड़ी हैं।

सूत्रों के अनुसार अधिकारियों को एक प्रतिष्ठान से 20 करोड़ का कच्चा माल बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि इस कच्चे माल के कोई कागजात बरामद नहीं हो सके हैं।

कारोबारी ने भी अधिकारियों को इस माल से जुड़े कागजात नहीं दिखाये हैं। इसके अलावा आयकर अधिकारियों को कारोबारी के कई दूसरे कारोबारियों के साथ कारोबार करने की जानकारी मिली है। यह कारोबार बिना किसी कागजी प्रक्रिया के किया जा रहा था। वहीं प्रतिष्ठानों से नगद राशि मिलने की भी सूचना है। यह कार्रवाई एक्सप्रेस रोड स्थित मुख्य कार्यालय, कैनाल रोड, हरबंश मोहाल में पुराने मकान में बने गोदाम के अलावा स्वरूप नगर समेत 6 जगह आयकर विभाग ने सर्वे किया।

सुनो सरकार — परिवहन और खनन विभाग से जुड़े मुद्दों पर उठाई आवाज

# ट्रांसपोर्टर्स ने मुख्यमंत्री से की गुहार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर मांगें प्रमुख रूप से उठाई हैं। यूपी मोटर्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इन समस्याओं को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है।

एसोसिएशन के प्रदेश महामंत्री राघवेंद्र वर्मा ने बताया कि उन लोगों को सबसे अधिक परेशानी मोटर वाहनों के फिटनेस नवीनीकरण के लिए सुविधाएं न होने से हो रही हैं, जिन्हें दूर होना चाहिए। इसी तरह वाहनों पर फर्जी ओवरलोडिंग के जरिये फर्जी ई चालान से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है। पदाधिकारियों ने बसों से हो रही माल ढुलाई और उससे सड़क सुरक्षा से खिलवाड़ किए जाने जैसी समस्याएं भी सामने रखीं। खनन के क्षेत्र में लगे वाहनों पर क्षेत्र के उद्गम स्थल पर ही ओवरलोडिंग पर प्रभावी कदम उठाए जाने की अपील की है। पुलिस की कार्रवाई पर भी पदाधिकारियों ने आवाज उठाई कहा कि वे लोग वाहनों के खिलाफ कानून का दुरुपयोग कर रहे हैं। इससे भी उन लोगों को छुटकारा दिलाए जाने की जरूरत है।


मुख्यमंत्री से मिलकर ट्रांसपोर्टर्स ने समस्याएं बताईं। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### सीएसजेएमयू में हुआ कम्पटीशन

**कानपुर।** सीएसजेएमयू के अटल बिहारी वाजपेयी स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज द्वारा प्रथम अटल बिहारी वाजपेयी डिस्ट्रिक्ट क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति महेन्द्र दयाल (सेवानिवृत्त), उच्च न्यायालय, इलाहाबाद रहे, जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने विधि शिक्षा में व्यावहारिक प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को न्यायालयीन कार्यप्रणाली को समझने, क्लाइंट से प्रभावी संवाद स्थापित करने तथा कानूनी समस्याओं के समाधान प्रस्तुत करने की व्यावहारिक समझ प्रदान करती हैं।

### आहार एवं पोषण पर किया जागरूक

**कानपुर।** सीएसए विवि के कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के फूड साइंस एंड न्यूट्रिशन विभाग में वृद्धजनों के लिए आहार एवं पोषण विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वृद्धजनों में संतुलित आहार, स्वस्थ जीवनशैली तथा पोषण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

### पत्र वितरक समाज का होली मिलन कल

**कानपुर।** समाचार पत्र वितरक समाज की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन 15 मार्च को पनचक्की चौराहा स्थित कानपुर लॉज में किया जाएगा। संस्था के संरक्षक मोनू पंडित और महामंत्री राजकुमार पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम शाम चार बजे से होगा।

### होली मिलन समारोह 15 मार्च को

**कानपुर।** समाचार पत्र विक्रेता संघ के तत्वावधान में 40 वां होली मिलन समारोह का आयोजन शिव गेस्ट हाउस बर्रा में 15 मार्च को आयोजित किया जाएगा। इसकी जानकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री हरिनारायण दीक्षित, कार्यक्रम संचालक संजय सविता और समाचार पत्र वितरक उपस्थित रहेंगे।

### सड़क चौपट

**कानपुर।** मेट्रो के काम के कारण शास्त्री चौक से लेकर डबल पुलिया तक सड़क की दुर्दशा हो गई है। कहीं सड़क संकरी है तो कहीं ऊबड़-खाबड़ हो गई है। इससे वाहन सवारों को तेज झटका लगता है। मेट्रो और नगर निगम सोये हुए हैं।

# अलविदा जुमा में काली पट्टी बांधी मोजतबा की लंबी उम्र की दुआएं

## ग्वालटोली एवं जूही की शिया जुमा मस्जिद में कोसे गये अमेरिका और इजरायल


अलविदा जुमा की नमाज में अमन-चैन की दुआ की गई।


शिया जुमा मस्जिद जूही में प्रदर्शन किया गया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रमजान के आखिरी जुमा में ईरान के समर्थन में नारेबाजी, काले कपड़े पहने लोगों ने जताया विरोध

**अमृत विचार।** रमजान के आखिरी जुमा में अलविदा की नमाज के बाद शिया मस्जिदों के बाहर अमेरिका और इजरायल के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया गया और ईरान के नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई की लंबी उम्र के लिए दुआएं की गई। हाल ही में ईरान में शहीद हुए अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई, मिनाब के स्कूल में शहीद हुई मासूम बच्चियों और जंग में मारे जा रहे बेगुनाहों शहीदों को श्रृद्धांजलि दी गई।

शुक्रवार को अलविदा की नमाज के दौरान शिया जुमा मस्जिद ग्वालटोली में पेशइमाम ने अमेरिका और इजरायल को कोसा। इसी तरह रमजान उल मुबारक के अलविदा जुमे के दिन अंतर्राष्ट्रीय कुद्स दिवस पर मजलूमों की हिमायत और जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। ऑल इंडिया शिया युवा यूनिट ने शिया जामा मस्जिद जूही में नामाजियों ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की और नमाज के बाद अमेरिका इजरायल मुर्दाबाद के नारे बुलंद किये।

मौलाना अलमदार हुसैन ने कहा कि दुनिया में जहां कही भी आतंकवाद है उसके पीछे अमेरिका और इजरायल का हाथ है। हर साल अलविदा जुमा के दिन कुद्स दिवस मनाया जाता है जिसका उद्देश्य इजरायल के कब्जे वाले मुसलमानों के पहले किब्ला बैतुल मुकद्दस को आजाद कराना। संकल्प लिया गया कि जब तक बैतुल मुकद्दस आजाद नहीं होगा, विरोध जारी रहेगा। इस्लाम का उसूल है कि जिसने किसी एक बेगुनाह का खून बहाया उसने पूरी इंसानियत का कत्ल किया। और किसी ने किसी एक इंसान की जान बचाई उसने पूरी इंसानियत की जान बचाई।

इस मौके पर नायाब आलम, दानिश रिजवी, शारिब अब्बास, आमिर अब्बास, तहसीन हैदर, सादिक रिजवी, असद रिजवी एवं अली अब्बास आदि मौजूद रहे।

## अलविदा-ओ-अलविदा या शहरे रमजान...

**कानपुर।** रमजान-उल-मुबारक के आखिरी जुमा को शहर की सभी मस्जिदों में अलविदा की नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व जब पेशइमाम ने खुतबा पढ़ा कि अलविदा-ओ-अलविदा ओ या शहरे रमजान तो रोजेदारों की आंखें भरभरा उठीं।

शुक्रवार को जमीअत उलमा के प्रदेश महासचिव मौलाना अब्दुल्लाह ओसामा ने शीतला बाजार जामा मस्जिद में नमाज अदा कराई जबकि जामा शफियाबाद में कारी मोहम्मद कासिम हबीबी, हलीम प्राइमरी मस्जिद में कारी मोहम्मद अमीन, गद्दियाना जामा मस्जिद में मौलाना हाशिम अशरफी समेत शहर की मस्जिदों में अलविदा की नमाज पढ़ने के लिए शहर की मस्जिदों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ पहुंची ताकि मस्जिद में उन्हें जगह मिल जाए। सरकार द्वारा सड़क पर नमाज अदा करने की इजाजत नहीं है, इसलिए कई मस्जिदों में दो से तीन बार नमाज पढ़ाई गई। दादा मियां मिस्जद में नायब पेशइमाम सैयद अबुल बरकात नजमी ने खिताब किया। नमाज से पूर्व पेशइमाम ने जब खुतबा पढ़ा अलविदा ओ अलविदा ओ या शहरे रमजान तो पेशइमाम भी अपने आंसू नहीं रोक सके। इस अवसर पर ईरान की हिफाजत की दुआएं की गईं और अमेरिका व इजरायल को कोसा गया।


जाजमऊ में प्रदर्शन किया गया। अमृत विचार

# फिलिस्तीन के समर्थन में जाजमऊ में प्रदर्शन

**विरोध**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- शिया मस्जिद में मनाया गया यौम-ए-कुद्स

**अमृत विचार।** जाजमऊ स्थित शिया मस्जिद अल्लाह हो अकबर में जुमा की नमाज के बाद यौम-ए-कुद्स के मौके पर फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन एवं जलसा किया गया। इस प्रदर्शन में अमेरिका और इजरायल को कोसा गया और कहा गया कि हम फिलिस्तीनी अवाम के साथ हैं। इस अवसर पर अमेरिका मुर्दाबाद, इजरायल मुर्दाबाद, हिंदुस्तान-ईरान जिंदाबाद के नारे लगाये गये।

मस्जिद अल्लाह-ओ-अकबर में खिताब करते हुए मौलाना अजहर अब्बास नकवी ने कहा कि फिलिस्तीन के लोगों पर लंबे समय से जुल्म हो रहा है और अब वक्त आ गया है कि फिलिस्तीन को आजादी मिलनी चाहिए। इस मौके पर यौम-ए-कुद्स के अवसर पर किबला-ए-अव्वल बैतुल मुकद्दस को इजरायली कब्जे से आजादी दिलाने के लिए खास तौर पर दुआ की गई। देश-दुनिया में अमन-ओ-अमान के लिए भी दुआ मांगी गई। हाजी कबीर जैदी, हाजी कमर आबिदी, ताजदार हुसैन, शोएब जैदी, मीसाम जैदी, मुजिबुल हसन रिजवी, डॉ. जुल्फिकार अली रिजवी, डॉ अयाज हैदर रिजवी, कमर अब्बास रिजवी, एहसान हुसैन, मुशर्रफ हुसैन रिजवी, इसरार हुसैन जैदी, रानू नकवी, चांद जैदी, आलिम रजा एवं शान आलम आदि थे।

# पुरस्कार पाकर चहके बच्चे


बच्चों को पुरस्कार दिया गया। अमृत विचार

**कानपुर।** स्काईलार्क एवं कैम्ब्रिज हाईस्कूल सिविल लाइन्स कानपुर नगर द्वारा ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम विद्यालय के आडिटोरियम हाल में मनाया गया। कार्यकम का उद्घाटन निदेशिका नीलम मल्होत्रा, उपनिदेशिका ऋचा सरीन, प्रधानाचार्या रूचि कोहली, उप-प्रधानाचार्या उपप्रधानाचार्या निधि मेहरोत्रा, शेली धीर एवं सबा खान, स्काईलार्क स्कूल की प्रधानाध्यापिका धारण अरोड़ा, शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति में किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि कोहली एवं निर्देशिका नीलम मल्होत्रा ने की।

बच्चों ने संगीत, नृत्य और नाटक जैसी विभिन्न गतिविधियां प्रस्तुत कीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि कोहली ने अपने दीक्षांत भाषण में बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाया। विद्यालय की निर्देशिका नीलम मल्होत्रा ने बच्चों को पुरस्कार डिग्री एवं मेडल प्रदान किया।

## ईस्टर पर यीशु के जी उठने की विशेष झांकियां

**कानपुर।** क्राइस्ट चर्च इंटर कालेज माल रोड पर 5 अप्रैल 2026 को रात 2 बजे ईस्टर डॉन सर्विस का आयोजन होगा जिसमें पहली बार प्रभु यीशु मसीह के जी उठने की झांकियां प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा मंचन की जाएगी।

शुक्रवार को यूनाइटेड क्रिश्चियन कमेटी ऑफ कानपुर की एक विशेष बैठक संडे स्कूल हॉल क्राइष्ट चर्च, माल रोड कानपुर में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पादरी जितेन्द्र सिंह ने की।इस सभा में कानपुर शहर के सभी प्रमुख चर्चों के लोग उपस्थित हुये यूनाइटेड क्रिश्चियन कमेटी ऑफ कानपुर उप्र. के द्वारा इस बार 61 वां वर्ष हो जाएंगे। इस वर्ष ऐसी एतिहासिक झांकी प्रस्तुत की जायेगी जो सर्वश्रेष्ठ झांकी होगी।


विश्व चैतन्य महाराज। अमृत विचार


सत्संग में बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। अमृत विचार

# श्रीकृष्ण-सुदामा की मित्रता की दी जाती मिसाल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कौशलपुरी स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर के स्थापना दिवस पर श्री सनातन धर्म सभा कौशलपुरी द्वारा अमृत महोत्सव मनाया गया। जिसमें श्रीमद् भागवत कथा कथाव्यास विश्व चैतन्य महाराज की ओर से हुई। शुक्रवार को विश्व चैतन्य महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल सखा सुदामा का चरित्र सुनाया। उन्होंने कहा कि सुदामा जब द्वारिका पहुंचे और उन्होंने द्वारपालों से कहा कि जाकर द्वारिकाधीश को बताइए कि उनके मित्र सुदामा आए हैं। जब यह समाचार द्वारपालों ने द्वारिकाधीश को दिया तो वह मंच से कूदकर सुदामा से मिलने के लिए दौड़ पड़े। आज भी कृष्ण और सुदामा की मित्रता की लोग मिसाल देते हैं। कथा व्यास ने संगीतमयी भागवत कथा सुनाते हुए भजन गाया कि 'प्रभु आपकी कृपा से सब काम हो रहा है। करते हो मेरे कान्हा नाम मेरा हो रहा है' पर भक्त झूम उठे। उन्होंने सुखदेव की विदाई की भी कथा सुनाई। इस मौके पर धुरव कुमार रूइया, कुंज बिहारी, सुभाष मक्कड़, विनय अजमान, अशोक अजमानी, सुनील टंडन, प्रमोद सुराना, अजय कपूर सहित अन्य मौजूद रहे।

# निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 14 से टीएसएच में लें फार्म

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



तैयारी करते पदाधिकारी। अमृत विचार

- आठवें बैच के लिये फॉर्म वितरण होगा, 24 मार्च तक जमा करने का मौका

**अमृत विचार।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशकर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से दि स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में निःशुल्क खेल प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। इसके तहत 18 वर्ष से कम आयु के खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेल इंफ्रास्ट्रक्चर और योग्य प्रशिक्षकों की देखरेख में प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा।

आठवें बैच के लिए पंजीकरण फॉर्म का वितरण 14 मार्च से शुरू होगा, जबकि फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 24 मार्च निर्धारित की गई है। चयन के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल 31 मार्च 2026 से आयोजित किए जाएंगे और चयनित खिलाड़ियों का नया प्रशिक्षण बैच 05 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा और चयन निर्धारित नियमों के अनुसार किया जाएगा। प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की अवधि तीन महीने निर्धारित है, जिसमें खिलाड़ियों को तकनीकी कौशल, फिटनेस और प्रतिस्पर्धात्मक खेल की विशेष ट्रेनिंग दी जाएगी। फॉर्म मुख्य कार्यकारी अधिकारी कार्यालय, कानपुर स्मार्ट सिटी, नगर आयुक्त कार्यालय कानपुर नगर निगम, सभी अंचल कार्यालयों तथा दि स्पोर्ट्स हब के कार्यालय से प्राप्त एवं जमा किए जा सकते हैं। सभी आवेदनों पत्रों में आयु और आय प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है, बगैर इसके कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किये जाएंगे।

# युवाओं को समझाई गई विज्ञान की बारीकियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंसेज एंड बायोटेक्नोलॉजी की ओर से सम्मेलन आयोजित हुआ। सम्मेलन के दूसरे दिन इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांसेज इन लाइफ साइंसेज में युवाओं को विज्ञान की बारीकियां समझाईं गई।

सममेलन के दूसरे दिन डॉ. चंद्रकांत चौधरी (लुइसियाना स्टेट यूनिवर्सिटी, अमेरिका) ने चावल की इंट्रोग्रेशन लाइनों में लवण सहनशीलता के आणविक तंत्र को समझाया। बताया कि किस प्रकार विशेष जीन नेटवर्क पौधों को अधिक लवणीय परिस्थितियों में भी अनुकूलन करने में सक्षम बनाते हैं। इसी तरह डॉ. अनंत लक्ष्मी (राष्ट्रीय शर्करा संस्थान) ने भारतीय चीनी उद्योग में सर्कुलर इकॉनमी की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए बताया कि उद्योग के उप-उत्पादों से विभिन्न जैव-आधारित उत्पाद और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विकसित किए जा सकते हैं, जो सतत विकास और आर्थिक स्थिरता में योगदान देते हैं।



जानकारी देते आयोजक। अमृत विचार

# नव संवत्सर पर निकाली जाएगी गीता संदेश यात्रा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जेके मन्दिर में नव वर्ष सांस्कृतिक महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन

**अमृत विचार।** श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास की ओर से संवत्सर पर नव वर्ष गीता संदेश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा गीता के संदेश के साथ भारतीय नव वर्ष का स्वागत भी करेगी। इसके साथ ही खासतौर पर युवाओं को कर्म और कर्तव्य का संदेश भी देगी। नव संवत्सर को मनाते हुए जेके मन्दिर में नव वर्ष सांस्कृतिक महोत्सव एवं भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। यह महोत्सव 19 मार्च को मनाया जाएगा।

यह जानकारी शुक्रवार को श्रीमद्भगवत गीता न्यास के केन्द्रीय अध्यक्ष डॉ उमेश पालीवाल ने दी। बताया कि नव संवत्सर के पावन अवसर पर समाज में नैतिक मूल्यों, कर्तव्यबोध और सकारात्मक जीवन दृष्टि को प्रसारित करने के उद्देश्य से यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्रीमद्भगवद्गीता वैदिक न्यास के केन्द्रीय सचिव व महामंत्री परमानन्द शुक्ला ने बताया कि भारतीय नव वर्ष (विक्रम संवत 2083) के शुभारम्भ दिवस चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (19 मार्च) को गीता संदेश यात्राएं कानपुर के चारो भागों से अनेक स्थानों से आरम्भ होगी और पूरे नगर में भ्रमण कर शाम 5 बजे श्री राधा कृष्ण मंदिर (जेके मन्दिर) पर समायोजित होगी। यहां पर सांस्कृतिक संध्या महोत्सव का आयोजन होगा। महोत्सव में मुख्य वक्ता के रूप में पुरुषोत्तमदास जी महाराज (श्री अयोध्या धाम) शामिल होने शहर आ रहे हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी गवर्नर जसवीर सिंह भाटिया होंगे। इस अवसर पर संगीतकार एवं भजन गायक प्रदीप श्रीवास्तव प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कानपुर प्रान्त के प्रान्त संघचालक भवानी भीख करेंगे। समिति के कमल त्रिवेदी ने बताया कि इस वर्ष भजन संध्या कर ईश्वर के प्रति संगीतमय वातावरण हो जायेगा। राजीव महाना ने नागरिकों को भारतीय नववर्ष मनाने की अपील करते हुये कार्यक्रम में सम्मलित होने का आह्वान किया।

**विकास** सुलह-समझौते के आधार पर कराया जाएगा भूमि का बैनामा

# सरसौल में स्थापित किया जाएगा नया डिफेंस कॉरिडोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- हाथीपुर और फुफुआर सुइथोक में स्थापित किए जाने की तैयारी
- उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव पर अधिसूचना जारी

### पास में ही स्थापित होगा जिला कारागार

- जिला प्रशासन इसी गांव की भूमि पर जिला कारागार की स्थापना कराने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए भूमि का अधिग्रहण और पुनर्ग्रहण हो चुका है। इसके लिए बजट भी पास हो चुका है।



डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना से न सिर्फ लोगों को रोजगार मिलेगा बल्कि क्षेत्र में विकास की नई बयार बहेगी। प्रदेश सरकार कानपुर के औद्योगिक विकास को गति देने के साथ ही यहां के इंफ्रास्ट्रक्चर का भी विकास तेजी से कर रही है।

– देवेंद्र सिंह भोले, सांसद

**अमृत विचार।** उप्र एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने सरसौल ब्लाक के फुफुआर सुइथोक और हाथीपुर गांव में नया डिफेंस कॉरिडोर बसाने का निर्णय लिया है। यहां 177 हेक्टेयर भूमि पर यह कॉरिडोर बसेगा। प्राधिकरण के प्रस्ताव पर एडीएम भू अध्याप्ति ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी। भूमि स्वामियों से 10 दिनों के अंदर आपत्ति मांगी है। ताकि यह पता चल सके कि किनकी भूमि का मुकदमा न्यायालय में चल रहा है। यह भूमि आपसी सुलह समझौते के आधार पर ली जाएगी ताकि जल्द से जल्द बैनामा हो जाए और वहां विकास का कार्य शुरू हो सके।

- नर्वल तहसील के साढ़ गांव में 213 हेक्टेयर में डिफेंस कॉरिडोर स्थापित है। यहां अडानी समूह के एम्युनिशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स स्थापित किया है। इसके साथ ही कई और प्रतिष्ठान यहां स्थापित हो चुके हैं। भूमि की बढ़ती मांग को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कॉरिडोर के विस्तार का आदेश दिया था। इसके बाद प्राधिकरण ने कॉरिडोर से सटे हुए गोपालपुर, दौलतपुर और मोहीपुर गांवों में 186.47 हेक्टेयर चिह्नित की थी। 162.09 हेक्टेयर के आसपास भूमि किसानों की थी। इसके अधिग्रहण के लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई थी लेकिन किसानों ने भूमि देने से मना कर दिया था। इसके बाद घाटमपुर तहसील क्षेत्र में रामसारी गांव के आसपास भूमि देखी गई लेकिन वहां भी बात नहीं बनी। ऐसे में अब नर्वल तहसील के हाथीपुर और फुफुआर सुइथोक गांव की भूमि चिह्नित की गई है। यहां की कुल 177 हेक्टेयर में यह कॉरिडोर बसेगा। इसमें से 113.575 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण होगा। शेष भूमि ग्राम समाज की है। उसका पुनर्ग्रहण किया जाएगा। किसान भूमि देने के लिए सहमत हो गए हैं। ऐसे में भूमि का बैनामा कराया जाएगा। बैनामे की प्रक्रिया अप्रैल में शुरू हो जाएगी। इस अधिसूचना के बाद किसान भूमि की खरीद बिक्री नहीं कर पाएंगे।

## सांप-सीढ़ी का खेल जैन धर्म की देन

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शुक्रवार को ऋषभदेव के जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत व्याख्यान आयोजित हुआ। आचार्य विद्यासागर सुधासागर जैन शोध पीठ तथा दीनदयाल शोध केन्द्र की ओर से हुए महोत्सव में जैन समाज के संदेशों को आज के समय प्रासंगिक बताया गया। कहा गया कि सांप-सीढ़ी का खेल दुनिया को जैन समाज ने ही दिया था।

मुख्य अतिथि सीडीओ दीक्षा जैन ने कहा कि आज पूरी दुनिया में सांप-सीढ़ी का खेल सभी खेलते हैं परन्तु यह बात शायद ही जानते हों कि सांप सीढ़ी का खेल जैन धर्म की देन है। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि भगवान ऋषभदेव ने जो शिक्षा दी वह आज की दुनिया में प्रासंगिक है। कोई भी धर्म या दर्शन तभी बढ़ते हैं जब वह सभी के लिए सुलभ हों।

न्यूज ब्रीफ

### मधुमक्खियों के दंश से किसान गंभीर

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लालखेड़ा गांव निवासी कमलेश (50) पुत्र राम स्वरूप अपनी पत्नी मुन्नी के साथ शुक्रवार सुबह खेत में काम कर रहा था। तभी मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। उसकी चीख सुन पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने पेड़ों की टहनियां जलाकर उसे बचाया। गंभीर हालत में परिजन उसे सीएचसी नवाबगंज लाए। जहां से उसे जिला अस्पताल भेजा गया। पत्नी मुन्नी ने बताया कि खेत में काम करते समय मधुमक्खियों ने अचानक हमला किया था।

### गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर लगा नया ट्रांसफार्मर

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर अमृत स्टेशन योजना के तहत हो रहे विकास कार्यों को देखते हुए विद्युत व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। इसी क्रम में स्टेशन पर विद्युत लोड बढ़ाते हुए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया है। विद्युत विभाग के एसडीओ के निर्देश पर शुक्रवार को स्टेशन परिसर में 20 केवीए की जगह 63 केवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। रेलवे के अनुसार अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशन पर विभिन्न विकास कार्य, प्रकाश व्यवस्था व अन्य सुविधाओं के विस्तार के कारण बिजली की जरूरत बढ़ने वाली है। इसे ध्यान में रखते हुए पहले से अधिक क्षमता वाला ट्रांसफार्मर लगाया गया है। विभागीय कर्मियों ने पुराना ट्रांसफार्मर हटाकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया और विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी।

### गंगाघाट स्टेशन पर एक घंटे खड़ी रही अमृत भारत एक्सप्रेस

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** लखनऊ से चलकर गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची अमृत भारत एक्सप्रेस को शुक्रवार को काफी देर तक स्टेशन पर खड़ा रहना पड़ा। ट्रेन को समय पर सिग्नल न मिलने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार अमृत भारत एक्सप्रेस दोपहर करीब 12 :04 बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंची थी। लेकिन आगे पहले जनसाधारण एक्सप्रेस, राप्ती सागर एक्सप्रेस व एक मालगाड़ी को रवाना किया गया। इसके चलते अमृत भारत एक्सप्रेस को सिग्नल नहीं मिला और ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही। इस दौरान यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं स्टेशन पर पेयजल की समुचित व्यवस्था न होने से यात्रियों को पानी के लिए भटकना पड़ा। दोपहर 1 :09 बजे ट्रेन रवाना हो सकी।

# अकीदत व एहतराम के साथ अदा हुई अलविदा की नमाज

## मुल्क में अमन-चैन की मांगी गई दुआ, सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



शुक्रवार को जामा मस्जिद में अलविदा की नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुकद्दस रमजान-उल-मुबारक के आखिरी जुमे पर शुक्रवार को शहर की जामा मस्जिद से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों तक हजारों रोजेदारों ने अलविदा की नमाज अदा की और बारीगाहे-इलाही में सिर झुकाकर दुआएं मांगीं।

शुक्रवार दोपहर अजान होते ही मस्जिदों में नमाजियों का तांता लग गया। सुरक्षा व अन्य व्यवस्था के बीच अकीदतमंदों ने शिद्दत से नमाज अदा की। शहर की मुख्य मस्जिदों के साथ ग्रामीण अंचलों में भी नमाज को लेकर उत्साह रहा। इस दौरान मौलानाओं व उलेमाओं ने जुमा-तुल-विदा की फजीलत पर प्रकाश डाला। नमाज के बाद मस्जिदों में दुआओं का दौर चला। उलेमाओं ने बताया कि रमजान का महीना इंसान को गुनाहों से पाक करने व नेकी की राह पर चलने का संदेश देता है। नमाजियों ने मुल्क में अमन, चैन व भाईचारा कायम रहने की दुआ के साथ बीमारियों व मुसीबतों से निजात पाने की प्रार्थना की। आपसी सौहार्द व देश की तरक्की के लिए विशेष मन्नतें मांगीं। रमजान के समापन की ओर बढ़ने पर जहां रोजेदारों में इबादत मुकम्मल करने की खुशी दिखी वहीं इस मुकद्दस महीने के जाने का गम भी उनके चेहरों पर साफ नजर आया। उलेमाओं ने कहा कि रमजान की विदाई हमें यह सीख देकर जाती है कि हम पूरे साल अनुशासन व संयम का पालन करें।

### रमजानुल मुबारक के आखिरी अशरे की फ़ज़ीलत पर डाली तफ़सीली रोशनी

बांगरमऊ में मोहल्ला दरगाह शरीफ स्थित जामा मस्जिद में शहर काज़ी हाफिज फीरोज खान ने खुतबे के दौरान रमजानुल मुबारक के आखिरी अशरे की अज़मत व फ़ज़ीलत पर तफ़सीली रौशनी डाली। उन्होंने फरमाया कि रमजान का आखिरी अशरा जहन्नम से निजात, मग़फिरत व रहमत हासिल करने का वक्त है। जामा मस्जिद में पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष इजहार खान गुड्डू, सपा नेता सलीमुर्रहमान, हाफिज रशीद खान, हाफिज आफताब खान, हाफिज जहीर, फरहान सिद्दीकी व सरकार खान आदि ने नमाज अदा की। इसी तरह कस्बा गंजमुरादाबाद के अलावा फतेहपुर हमजा, फतेहपुर खालसा, रघुरामपुर, नवेल, हयात नगर भौरा आदि गावों में भी अलविदा की नमाज अदा की गई।

### नमाज के दौरान ड्रोन से की गई निगरानी



ड्रोन से निगरानी कराते सीओ दीपक यादव।

**उन्नाव :** अलविदा की नमाज सकुशल, शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। सीओ सिटी दीपक यादव ने फोर्स के साथ शहर के संवेदनशील इलाकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सीओ ने सदर कोतवाली स्थित जामा मस्जिद व ईदगाह परिसर का निरीक्षण किया और व्यवस्था में आधुनिक तकनीक का समावेश करते हुए सीओ नगर ने ड्रोन कैमरों से की जा रही निगरानी को भी परखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऊंची इमारतों व भीड़भाड़ वाली गलियों पर ड्रोन से नजर रखी जा रही है। ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके।

### अलविदा की नमाज अदा, मस्जिदों में उमड़ा नमाजियों का हुजूम



जामा मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार



जामा मस्जिद से नमाज पढ़कर निकलते लोग। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव :** राजमार्ग स्थित जामा मस्जिद में नमाज में नमाजियों का हुजूम उमड़ पड़ा और लोगों ने अमन-चैन व भाईचारे की दुआ मांगी। शुक्रवार दोपहर 12 बजे से ही जामा मस्जिद में नमाजियों का पहुंचना शुरू हो गया था। सवा 1 बजे तक नमाज अदा हुई। इसमें लोगों ने देश में शांति, तरक्की व आपसी सौहार्द की दुआ की। नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हुई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर अलविदा की मुबारकबाद दी। अलविदा की नमाज को देखते हुए प्रशासन सतर्क रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर मस्जिद के बाहर भारी फोर्स तैनात था। दरोगा व पुलिस कर्मी नमाज खत्म होने तक मौजूद रहे। जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। इसके अलावा नगर की अन्य मस्जिदों में भी अलविदा की नमाज अदा हुई। जहां पुलिस की मौजूदगी में नमाज संपन्न हुई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में भी लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर नमाज अदा की। नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी, ईओ मुकेश मिश्रा भी जामा मस्जिद पहुंचे। नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग घरों को लौट गए और आगामी ईद-उल-फितर के पर्व की तैयारियों में जुट गए। बाजारों में ईद की खरीदारी को लेकर रौनक दिखाई दी।

### इंसान को इबादत व नेक कामों की आदत सिखाता है रमजान का महीना



नमाज़ के दौरान मौजूद आईपीएस संचित शर्मा व सीओ सोनम सिंह।

**सफीपुर :** सैय्यदवाड़ा स्थित मस्जिद में मौलाना इफ्तिखार हुसैन ने नमाज से पहले कहा कि रमजान का महीना इंसान को पूरे साल इबादत व नेक कामों की आदत सिखाता है। कहा कि रमजान में सिर्फ रोजा व नमाज ही इबादत नहीं है बल्कि इंसान की आदतें व व्यवहार भी ऐसे होने चाहिए जिससे वह बेहतर इंसान बन सके। इस दौरान कुदरत उल्लाह शाह मस्जिद में हाफिज फुरकान, मखदूम शाह मस्जिद में हशमत उल्ला, खादिम शाह सफी मस्जिद में जाहूरुल हसन, मदीना मस्जिद में मो. हारिस, वस्सन मियां मस्जिद में मौलाना ताहा व पीर मियां सराय में सादुल हक ने नमाज अदा कराई। सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से ट्रेनी आईपीएस संचित शर्मा, सीओ सोनम सिंह व एसओ एसएन त्रिपाठी ने कस्बे में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक ने तोड़ा दम

नवाबगंज उन्नाव



परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** ननिहाल आए युवक की लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। इसकी खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। सीएचसी के मेमो पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज रही है।

सोहरामऊ थानाक्षेत्र के कुशहरी गांव निवासी रामेश्वर (23) पुत्र स्व. छोटेलाल शुक्रवार शाम अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मिश्रीगंज गांव स्थित अपनी ननिहाल आया था। जहां से वह मौसेरे भाई सर्वेश की बाइक लेकर अजगैन गांव जाने की बात कहकर निकला था। तभी अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अजगैन बाजार मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। वहां मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी नवाबगंज लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौसेरे भाई सर्वेश ने बताया कि रामेश्वर की छोटी बहन सरोजनी की अभी शादी होनी है। सर्वेश ने बताया कि उसने अकेले बाइक लेकर जाने को मना किया था लेकिन वह जिद कर बाइक ले गया तभी हादसा हो गया। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद मोर्चरी भेजने की कार्रवाई शुरू की है।

### दुर्घटना में होमगार्ड घायल

**नवाबगंज:** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवाबगंज कस्बा क्षेत्र में बाईपास के पास शुक्रवार शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार होमगार्ड आदित्य (41) पुत्र लालता प्रसाद निवासी भौली अजगैन को टक्कर मार दी। इसमें वह गम्भीर घायल हो गया। पीछे से आई एंबुलेंस ने उसे सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**उन्नाव :** राजस्थान के तोरु जिलांतर्गत सरदार शहर थानाक्षेत्र के आसान शहर निवासी गिरधारी (45) पुत्र अन्नू सिंह टाइल्स मिस्त्री था। वर्तमान में वह परिवार के लखनऊ के बिजनौर में रहता था। शुक्रवार दोपहर वह लखनऊ के साथी बजरंग (35) पुत्र चेतन सिंह के साथ मौरावां कस्बा स्थित एक साइट देखने आया था। तभी मौरावां थानाक्षेत्र के मोहनलालगंज मार्ग पर सुक्खाखेड़ा गांव के मोड़ पर सामने से आई तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्टर मार दी। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए। जिन्हें मौरावां के 100 बेड अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने गिरधारी को मृत घोषित कर दिया। वहीं बजरंग को गंभीर देख केजीएमयू भेजा गया। एसओ ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लोडर की टक्कर से वृद्ध गंभीर, हुआ रेफर

**बांगरमऊ:** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव हरदासपुर निवासी अनवर अली (70) पुत्र भोला शुक्रवार को ग्राम न्यायालय में चल रहे मुकदमे की पेशी पर आया था। वह ई-रिक्शा पर बैठने के लिए नगर के माढ़ापुर रोड पर पैदल जा रहा था। तभी रास्ते में नगर के नानामऊ मार्ग स्थित माढ़ापुर मार्ग मोड़ के पास तेज़ रफ़्तार लोडर ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### दरोगा भर्ती लिखित परीक्षा केंद्रों का जिलाधिकारी ने लिया जायजा



डॉ. जीनाथजी केंद्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी।

**उन्नाव, अमृत विचार :** जिलाधिकारी गौरांग राठी ने दरोगा भर्ती/समकक्ष पदों पर 2025 की लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज मे सीसीटीवी कैमरे की डायरेक्शन सही न होने से ठीक करने के निर्देश दिए। डीएम ने अटल बिहारी इंटर कॉलेज में चारों ओर घूमकर सिटिंग प्लान देखा। श्याम कुमारी सेठ बालिका इंटर कॉलेज व डीएसएन कॉलेज पहुंचकर स्ट्रांग रूम, बच्चों के बैठने की व्यवस्था, स्क्रीनिंग, सीसीटीवी, प्रवेश स्थल की व्यवस्था, प्रकाश, फर्नीचर व पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विद्यालय के केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि शांतिपूर्ण, पारदर्शी व शुचिता पूर्ण परीक्षा कराई जाए। समय रहते सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण किया जाए। किसी भी स्तर पर परीक्षार्थियों को परीक्षा देने में कोई भी दिक्कत नहीं होनी चाहिए। इस दौरान एसपी जय प्रकाश सिंह, एएसपी अखिलेश सिंह, एडीएम अमिताभ यादव, सचिव उन्नाव विकास प्राधिकरण शुभम यादव आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# डीएम ने लाभार्थियों को बांटे प्रमाणपत्र

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव




लाभार्थी महिला को प्रमाणपत्र देते डीएम गौरांग राठी।

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी होने के अवसर पर शुक्रवार विकास भवन सभागार में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन हुआ। इसका सजीव प्रसारण किया गया। जिसमें किसानों, जनप्रतिनिधियों व कृषि विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में डीएम गौरांग राठी की उपस्थिति में सदर विधायक के पुत्र प्रखर गुप्ता भी रहे। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक रवि चन्द्र प्रकाश, यूपी डास्प डॉ. राजीव कुमार, सहायक निबन्धक व सहकारिता रविंद्र कुमार सिंह ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के महत्व व लाभों की विस्तृत जानकारी दी। डीएम ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र किसान तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने किसानों से आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने व मिलेट्स उत्पादन में जिले को अग्रणी बनाने का आह्वान किया। इसमें डीएम ने लाभार्थी किसानों को प्रमाणपत्र भी बांटे। इसके साथ सोलर पंप से संबंधित लाभार्थियों में रमाशंकर, सुन्दर, गंगाप्रसाद आदि को भी प्रोत्साहित किया गया। रवि चंद्र प्रकाश उप कृषि निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को सीधे उनके बैंक खातों में आर्थिक सहायता दी जा रही है। जिससे खेती को मजबूती मिल रही है और किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो रही है। जिले के सभी विकासखंड में भी इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।

● पीएम किसान उत्सव दिवस का किया गया आयोजन

### भागवत कथा में सुनाया ध्रुव व प्रह्लाद का प्रसंग

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** शंकरपुर सराय स्थित मां फूलमती देवी मंदिर के पास आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति से जुड़े प्रेरणादायक प्रसंग सुनाए गए। कथावाचन पंडित राम त्रिवेदी द्वारा किया गया। कथावाचक ने ध्रुव व प्रह्लाद की कथा का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति व दृढ़ विश्वास से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। बताया कि बालक ध्रुव ने कठोर तपस्या कर भगवान विष्णु को प्रसन्न किया और अमर ध्रुव तारा का स्थान पाया। वहीं भक्त प्रह्लाद ने विपरीत परिस्थितियों में भी भगवान विष्णु की भक्ति नहीं छोड़ी जिससे भगवान ने नरसिंह अवतार लेकर उनकी रक्षा की। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु रहे और भक्ति रस का आनंद लिया। इस दौरान विनोद त्रिवेदी, राम, हरीशंकर, प्यारे लाल, प्रमोद, धर्मेंद्र, अमन, आशुतोष व नारायण त्रिवेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

**उन्नाव, अमृत विचार:** सदर कोतवाली क्षेत्र के ईदगाह मोहल्ला निवासी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में फंदे से लटककर मौत हो गई। जानकारी पर पहुंचे पिता ने पति व ससुरालियों पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। इसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

बारासगवर थानाक्षेत्र के राजापुर पिपरहा गांव निवासी कन्हैया शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी इकलौती बेटी अनुराधा की शादी 8 वर्ष पहले शुभम पुत्र चंद्रपाल शर्मा निवासी ईदगाह पत्थर कालोनी सदर कोतवाली से हुई थी। बताया कि मांग से अधिक दहेज देने के बाद भी बेटी को ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। कई बार पुलिस के माध्यम से समझौता भी हुआ। बताया कि गुरुवार दोपहर वह अपने पौत्र व पौत्री के साथ बेटी के घर आया था। जहां दामाद ने उससे विवाद किया था। इसके बाद वह सीतापुर जा रहा था तभी देरशाम शुभम के पिता चंद्रपाल ने बेटी अनुराधा (35) के फंदे से लटककर आत्महत्या करने की सूचना दी। भाई ऋषि व अन्य परिजन पहुंचे तब तक बेटी का शव पुलिस मोर्चरी ले गई थी। वहीं घटना के बाद ससुराल वाले नदारद थे। अनुराधा के दो बच्चों में बेटी साक्षी व बेटा कपिल है। पिता ने दामाद, उसके माता-पिता, ननद व देवर के विरुद्ध तहरीर दी है। कोतवाल ने बताया कि पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।


### देवी भागवत कथा के तृतीय दिवस सुनाई शुकदेव जी के जन्म की कथा




कथा का बखान करते व्यास। ● अमृत विचार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** गोपीनाथपुरम स्थित सरोज सरस्वती शिशु मंदिर में चल रही देवी भागवत कथा के तृतीय दिवस शुक्रवार को श्रद्धालुओं को शुकदेव जी के जन्म की पावन कथा सुनाई गई। कथा व्यासपीठ से 108 श्री स्वामी ओम प्रकाशानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए आध्यात्मिक ज्ञान का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि महर्षि वेदव्यास के पुत्र शुकदेव जी का जन्म अत्यंत अद्भुत और आध्यात्मिक माना जाता है। व्यास ने आदिशक्ति की कठोर तपस्या कर ऐसे पुत्र की कामना की थी जो अत्यंत ज्ञानी, वैराग्यवान और संसार के मोह-माया से मुक्त हो। देवी के वरदान से शुकदेव जी का जन्म हुआ, जो गर्भ में ही पूर्ण ज्ञान से युक्त थे। संसार की माया से बचने के कारण वे लंबे समय तक गर्भ से बाहर आने को तैयार नहीं हुए। स्वामी जी ने बताया कि भगवान के आश्वासन के बाद शुकदेव जी ने जन्म लिया और जन्म के बाद ही वे युवा मुनि की तरह शांत, गंभीर और वैराग्यपूर्ण दिखाई दिए। उन्होंने राजा परीक्षित को सात दिनों तक भागवत कथा का अमृतपान कराया। कथा के अंत में देवी भागवत ग्रंथ की पूजा व आरती की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दुर्गेश सिंह, आचार्यगण व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### विवेकानंद कॉलेज नेवरना के दो छात्रों ने नेशनल स्कॉलरशिप में पाई सफलता



विनय कुमार साहू



प्रियांशी

**उन्नाव, अमृत विचार :** विवेकानन्द शिक्षा निकेतन इंटर कालेज नेवरना के कक्षा 8 का छात्र विनय साहू व छात्रा प्रियांशी ने नेशनल मीन्स कम मेरिट स्कॉलरशिप योजना में सफलता पाकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय स्तर की स्कॉलरशिप योजना जिसमें छात्र को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिमाह 1000 रुपये की स्कालरशिप प्रदान की जाती है। विनय साहू ने बताया कि उसके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है और वह भाई के साथ बकरी पालन में सहयोग करता है। उसने अथक परिश्रम कर राष्ट्रीय स्तर की मेरिट में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। छात्र विनय व प्रियांशी भी ने अपनी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के विज्ञान वर्ग के अध्यापक शशिभूषण त्रिपाठी को दिया है। जिन्होंने उनकी प्रतियोगिता की तैयारी में बिना संसाधनों के अपने पास से प्रतियोगी पुस्तक व अन्य सामग्री उपलब्ध कराई थी।

### गुणवत्तापूर्ण हो क्रय की जाने वाली सामग्री

**उन्नाव, अमृत विचार :** बीएसए शैलेश पांडे ने जिले के बेसिक स्कूलों के प्रधानाध्यापकों से कहा है कि परिषदीय विद्यालयों में विभिन्न मदों में धनावंटन के बाद क्रय की जाने वाली सामग्री हेतु जिला कार्यालय स्तर से किसी भी फर्म आदि को अधिकृत नहीं किया गया है। सभी शिक्षक स्वतंत्र हैं। वे आईसीटी लैब आदि से संबंधित सामग्री शासनादेश में निहित निर्देशों के क्रम में नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण सामग्री कय करें। जिनका सत्यापन जिला स्तरीय समिति से कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि क्रय की गइ सभी सामग्री गुणवत्तापूर्ण हो। गुणवत्ताविहीन सामग्री मिलने पर संबंधित का उत्तर दायित्व निर्धारित करते हुए कार्यवाही की जायेगी।

बार चुनाव

## सिलेंडर की मारामारी के कारण फिर से नब्बे के दशक में पहुंच रहे लोग, गैस न मिलने से घरों में दरवाजों के पीछे रखे जा रहे सिलेंडर

# एआई के दौर में महंगे सिलेंडर और किल्लत से चूल्हों की वापसी

अमन सक्सेना, शुक्लागंज



गैस एजेंसी के बाहर पर्ची कटवाने के लिये लगी उपभोक्ताओं की लाइन।

**अमृत विचार:** तकनीक व एआई के तेजी से बढ़ते दौर में जहां देश आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है वहीं गैस सिलेंडर की किल्लत व बढ़ती कीमतों ने आमजन को पुराने दिनों की याद दिला दी है। नगर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों रसोई गैस को लेकर हाहाकार मचा है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से कतारें लग रही हैं लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कई लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

गैस सिलेंडर की कमी व बढ़ती कीमतों ने गरीब, निम्न मध्यम वर्ग व मजदूर परिवारों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लोगों का कहना है कि रोज कमाने-खाने वाले परिवारों के लिए दिन भर लाइन में लगना आसान नहीं है। ऐसे में उन्हें यह तय करना मुश्किल हो रहा है कि काम पर जाएं या गैस लेने के लिए घंटों इंतजार करें। महंगाई के बढ़ते बोझ ने घर का बजट बिगाड़ दिया है। कई परिवार अब गैस के बजाय लकड़ी के चूल्हे व अंगीठी का सहारा लेने को मजबूर हैं। जिन घरों में उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन मिला था वहां भी महंगे सिलेंडर व समय पर उपलब्ध न होने से सिलेंडर घर के कोने में रखे हैं और खाना चूल्हे पर पक रहा है। क्षेत्र के जय प्रजापति, अमित, पारुल, सुधीर सिंह, शिवम तिवारी व अजय बताते हैं कि पहले गैस आसानी से मिल जाती थी लेकिन अब बुकिंग के बाद भी कई दिन तक सिलेंडर नहीं मिल रहा है। इससे महिलाओं व बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है। सुबह से शाम तक लाइन में लगने के बाद भी जब सिलेंडर नहीं मिलता तो लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। गैस एजेंसियों के बाहर रोज बड़ी संख्या में लोग सिलेंडर लेने पहुंच रहे हैं। कई बार स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि लोगों के बीच बहस और विवाद तक की नौबत आ जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही गैस की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

### कॉमर्शियल सिलेंडर न मिलने से बंद हो रहीं खान-पान की दुकानें

नगर में कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत से छोटे होटल, ढाबे व खान-पान की दुकानों पर संकट गहरा गया है। कई दुकानदारों का कहना है कि सिलेंडर न मिलने से उन्हें दुकानें बंद करनी पड़ रही हैं।

### आधुनिक युग की ओर बढ़ने वाला देश नब्बे के दशक में पहुंचा

तकनीक व एआई के युग में गैस संकट ने लोगों को फिर से पुराने दिनों की याद दिला दी है। जिन घरों में पहले गैस चूल्हे पर खाना बनता था वहां अब लकड़ी के चूल्हे व अंगीठी जलने लगी हैं। लोगों का कहना है कि हालात नब्बे के दशक जैसे हो गए हैं।

